रोहतक

बुधवार, 10 जुलाई 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 164
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**

अधि. 36.0
न्यून. 25.5


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




05 टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में बढ़त बनाने को आज भिड़ेंगी भारतीय-जिम्बाब्वे की टीम

**सीएम सैनी संभाल रहे थे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी**

**जातिगत संतुलन साधने का किया प्रयास**

# विधानसभा चुनाव से पहले बदला प्रधान, राई के विधायक बड़ौली को हरियाणा भाजपा की कमान

**नायब सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल के करीबी माने जाते हैं, 1989 से आरएसएस से जुड़े हुए हैं मोहन लाल**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़/सोनीपत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को सोनीपत में राई विधासभा सीट से विधायक मोहन लाल बड़ौली को पार्टी की हरियाणा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे बड़ौली मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यह दायित्व लेंगे, जिनके पास प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी थी। पिछले साल मनोहर लाल को मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद सैनी को मुख्यमंत्री बनाया गया था। उस समय वह प्रदेश अध्यक्ष थे। वह मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। बड़ौली ने 2019 में राई विधानसभा से चुनाव लड़ा था और 2,663 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। वह इस विधानसभा सीट पर चुनाव जीतने वाले भाजपा के पहले नेता हैं।

(पेज 2 भी देखें)



### लोकसभा चुनाव हारे बड़ौली

मोहन लाल बड़ौली हाल ही में सोनीपत लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन वे कांग्रेस के उम्मीदवार सतपाल ब्रह्मचारी से हार गए थे। बड़ौली को इस लोकसभा चुनाव में सीटिंग सांसद रमेश चंद्र कौशिक का टिकट काटकर भाजपा ने उम्मीदवार बनाया था। टिकट के ऐलान से पहले सांसद रमेश का एक कथित आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया था। इसके बाद उनकी जगह बड़ौली को टिकट दिया गया था।

### संघ से करीबी रिश्ते

मोहन लाल बड़ौली को पूर्व सीएम मनोहर लाल और मौजूदा सीएम नायब सिंह सैनी का करीबी माना जाता है। 1989 से मोहन लाल बड़ौली आरएसएस से जुड़े हुए हैं। संघ के भी करीबी नेता के तौर पर उनकी पहचान रही है।

### जातिगत संतुलन साधने की कोशिश

हरियाणा चुनाव से पहले भाजपा ने बड़ौली को प्रधान बनाकर ब्राह्मण वोट बैंक पर दांव खेला है। प्रदेश में मुख्य मंत्री ओबीसी वर्ग से, पार्टी के प्रदेश प्रभारी जाट चेहरे डॉ. सतीश पुनिया और अब पार्टी प्रधान ब्राह्मण मोहन लाल बड़ौली को बना कर बीजेपी ने जातिगत संतुलन साधने की कोशिश की है। विधान सभा चुनाव में बड़ौली की अग्नि परीक्षा होगी क्योंकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने बीजेपी को कड़ी टक्कर देते हुए पांच सीट जीती थी।

### राई में खिलाया था कमल

बड़ौली ने 2019 में राई विधानसभा से चुनाव लड़ा था और 2,663 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। वह इस विधानसभा सीट पर चुनाव जीतने वाले भाजपा के पहले नेता हैं। राज्य में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा 2014 से हरियाणा में सत्ता में है। कांग्रेस ने हाल के लोकसभा चुनावों में राज्य की 10 में से पांच सीटों पर जीत हासिल की थी।

### सीएम नायब ने दी बधाई

मौजूदा सीएम नायब सैनी ने मोहन लाल बड़ौली को बधाई दी है। सीएम सैनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर राई विधायक मोहन लाल बड़ौली को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में हरियाणा में संगठनात्मक कार्यों को एक नई दिशा मिलेगी और फिर से तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

### कपड़ा मार्केट में दुकान चलाई

मोहन लाल का जन्म 1963 में राई तहसील के बड़ौली गांव में हुआ था। मोहन लाल ने हाई स्कूल की पढ़ाई जीएसएसएस, खेवड़ा, सोनीपत से पूरी की। इसके बाद उन्होंने बहालगढ़ चौक के पास कपड़ा मार्केट में दुकान भी चलाई। 1989 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में शामिल हुए और बाद में भाजपा में शामिल हो गए। 2021 में उन्हें प्रदेश महामंत्री के पद के साथ हरियाणा भाजपा की कोर टीम में शामिल किया गया था।

## खबर संक्षेप

### सेंसेक्स में 391 अंकों की छलांग, नए शिखर पर

**मुंबई।** बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 391.26 अंक यानी 0.49 प्रतिशत चढ़कर अपने अब तक के उच्चतम स्तर 80,351.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 436.79 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,397.17 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.65 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,433.20 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। भाषा

### एसएफजे पर प्रतिबंध 5 साल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने खालिस्तान समर्थक समूह 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) पर भारत विरोधी गतिविधियों के कारण लगाया गया प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, एसएफजे को 5 साल पहले गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित किया गया था। इस पर रोक जारी रहेगी। भाषा

### नीट-यूजी : पटना से दो आरोपित और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' प्रश्नपत्र के मामले में एक अभ्यर्थी समेत दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि नालंदा निवासी नीट-यूजी अभ्यर्थी सन्नी और गया निवासी अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार के पिता को गिरफ्तार किया गया है। भाषा

## अंदर के पन्नों पर


- जीएसटी चोरी मामले में ईडी के सिरसा-फतेहाबाद में छापे पेज-3
- टी-20 सीरीज में भारत-जिम्बाब्वे के बीच तीसरा मैच आज पेज-5
- अमेरिका में टेक ऑफ के दौरान निकला विमान का पहिया पेज-8


**भारत-रूस शिखर वार्ता : यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में मोदी की पुतिन को सलाह**

# जंग से शांति का रास्ता नहीं निकलता समाधान के लिए वार्ता जरूरी : पीएम

एजेंसी ▶▶| मॉस्को/नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की है। इस दौरान उन्होंने आतंकवाद, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों पर विचार व्यक्त किए। इससे पहले मोदी ने रूस दौरे के दूसरे दिन पुतिन के साथ शिखर वार्ता में भी हिस्सा लिया। रूस और यूक्रेन में जंग के बीच मोदी ने पुतिन को सुझाव दिया और कहा कि जंग से शांति का रास्ता नहीं निकलता। शांति और समाधान के लिए वार्ता जरूरी है। मैं ये भी जानता हूं कि युद्ध के मैदान में समाधान संभव नहीं होते। बम, बंदूक और गोलियों के बीच समाधान और शांति वार्ताएं सफल नहीं होती। हमने वार्ता के माध्यम से ही शांति के रास्ते अपनाए हैं।' वहीं पुतिन ने कहा, 'आप यूक्रेन संकट का जो हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं हम उसके लिए आपके आभारी हैं। वहीं, मोदी ने कहा-एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है।



### शिखर वार्ता में बड़ी बातें...

- पिछले 40-50 साल से भारत आतंकवाद का सामना कर रहा है। इसलिए मॉस्को में हुए आतंकी हमले का दर्द समझ सकता हूं। मैं आतंक की निंदा करता हूं।
- शांति की बहाली में भारत हर संभव सहयोग करने को तैयार है। शांति के लिए मेरे मित्र पुतिन की बातों को सुनकर बहुत खुशी है। मैं विश्व समुदाय को आश्वत करना चाहता हूं कि भारत शांति का पक्षधर है।
- चाहे युद्ध हो, संघर्ष हो, आतंकवादी हमले हों, जब जान का नुकसान होता है तो मानवता में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को दुख होता है। युद्ध कोई समाधान नहीं है। वार्ता जरूरी है।
- जब मासूम बच्चों की हत्या होती है, जब हम मासूम बच्चों को मरते देखते हैं तो दिल दहल जाता है। वह दर्द बहुत बड़ा है। इस पर मैंने राष्ट्रपति पुतिन से विस्तृत चर्चा भी की।

### प्रधानमंत्री मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान

- पीएम मोदी को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आधिकारिक रूप से 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया।
- मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में असाधारण सेवाओं के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है।
- उन्होंने यहां एक समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद 'एक्स' पर लिखा, "ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत की जनता को समर्पित करता हूं।
- वर्ष 1698 में यीशू के प्रथम प्रचारक और रूस के संरक्षक संत सेंट एंड्रयू के सम्मान में जार पीटर द ग्रेट द्वारा स्थापित 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोसल' रूस का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।

(संबंधित पैकेज पेज 8 पर)

# हाथरस : एसडीएम समेत 6 अफसर सस्पेंड, भोले बाबा को क्लीनचिट

## योगी सरकार ने एसआईटी रिपोर्ट के बाद की कार्रवाई

**हाथरस (एजेंसी)।** हाथरस में मची भगदड़ से 122 लोगों की मौत के मामले में 7 दिन बाद यूपी सरकार ने पहला एक्शन लिया। इस मामले में योगी सरकार ने एसडीएम, सीओ समेत 6 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सरकार ने एसआईटी की रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की। एसआईटी ने सोमवार रात सीएम योगी आदित्यनाथ को 900 पेज की रिपोर्ट सौंपी थी। एसआईटी रिपोर्ट के बाद सरकार ने 9 पॉइंट पर बयान जारी किया। जिसमें आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को लापरवाह बताया गया, लेकिन कहीं भी भोले बाबा का जिक्र नहीं है। इस तरह जिला प्रशासन के बाद सरकार से भी भोले बाबा को क्लीन चिट मिल गई है। उसका नाम एफआईआर में भी नहीं था।



आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को बताया लापरवाह

भोले बाबा का रिपोर्ट में कहीं जिक्र नहीं, उनके नाम एफआईआर भी नहीं

### इन अफसरों पर गाज

जिन अफसरों को सस्पेंड किया गया, उनमें एसडीएम रविंद्र कुमार, सीओ आनंद कुमार के अलावा इंस्पेक्टर आशीष कुमार, तहसीलदार सुशील कुमार व चौकी इंचार्ज कचौरा मनवीर सिंह और पारा चौकी इंचार्ज बृजेश पांडे शामिल हैं।

### एसआईटी ने 150 के बयान दर्ज किए

एसआईटी ने रिपोर्ट में कहा-हादसे में साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसकी गहनता से जांच जरूरी है। हादसा आयोजकों की लापरवाही से हुआ। पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया। वरिष्ठ अफसरों को इसकी जानकारी तक नहीं दी गई। भीड़ के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। आयोजकों ने बिना पुलिस वैरिफिकेशन जिन लोगों को अपने साथ जोड़ा, उनसे अव्यवस्था फैली है। जांच के दौरान 150 अफसरों, कर्मचारी और पीड़ित परिवारों के बयान दर्ज किए गए।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मंगलवार को याचिकाकर्ता वकील विशाल तिवारी से चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा-मैंने याचिका को लिस्टेड करने का आदेश दिया। याचिका में हादसे की जांच रिटायर्ड जस्टिस की निगरानी में 5 सदस्यीय टीम से कराने की मांग की गई थी।

**आयोजकों ने तथ्य छिपाए :** एसआईटी ने कहा-एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, इंस्पेक्टर, चौकी इंचार्ज ने लापरवाही की। एसडीएम ने बिना कार्यक्रम स्थल का मुआयना किए अनुमति दी। घटनास्थल पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था भी नहीं थी। रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई कि आयोजकों ने तथ्यों को छिपाकर कार्यक्रम की अनुमति ली। आयोजकों ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया। पुलिस को कार्यक्रम स्थल पर निरीक्षण से रोकने का प्रयास किया।

**द्रविड़ की जगह लेंगे, 2027 तक रहेगा कार्यकाल गंभीर बोले, तिरंगे और देश की सेवा करना सम्मान की बात**

# क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने गौतम गंभीर

**नई दिल्ली (भाषा)।** विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को मंगलवार को बीसीसीआई ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया। बोर्ड को उम्मीद है कि वह इस पद पर 'दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता' लाएंगे जिस पर हाल तक राहुल द्रविड़ 'शानदार सफलता' के साथ काबिज थे। भारत की 2011 एकदिवसीय विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले 42 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज गंभीर कोच की दौड़ में सबसे आगे थे। द्रविड़ का कार्यकाल पिछले महीने बारबाडोस में टी20 विश्व कप में जीत के साथ समाप्त हुआ था। बीसीसीआई के एक बयान में गंभीर ने कहा, 'अपने तिरंगे, अपने लोगों और अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है। *(खेल पेज भी देखें)*




**भारत के कोच के रूप में गंभीर का पहला दौरा श्रीलंका का होगा जहां टीम 27 जुलाई से तीन टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैच की श्रृंखला खेलेगी।**

# न्यायमूर्ति नागू ने मुख्य न्यायाधीश की ली शपथ

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित ने न्यायमूर्ति शील नागू को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति नागू इससे पहले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थे। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित थे। कुछ दिन पहले, न्यायमूर्ति नागू को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को नियुक्ति के लिए उनके नाम की सिफारिश की थी।



पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को मिले मुख्य न्यायाधीश






**भंडाफोड़** दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अस्पताल में चल रहा था गोरखधंधा, मास्टरमाइंड बांग्लादेशी

**20 से 25 लाख रुपये में होता था किडनी का सौदा, बांग्लादेश से बुलाए जाते थे डोनर और रिसीवर**

# दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण रैकेट का खुलासा, महिला डॉक्टर समेत 7 पकड़े

**नई दिल्ली (भाषा/एजेंसी)।** बांग्लादेश और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में इंटरनेशनल ऑर्गन ट्रांसप्लांट (अंग प्रत्यारोपण) रैकेट का खुलासा किया है। दिल्ली की क्राइम ब्रांच ने इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल की एक महिला डॉक्टर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि इस रैकेट का मास्टरमाइंड एक बांग्लादेशी नागरिक है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश दानकर्ता और प्राप्तकर्ता बांग्लादेश से हैं, जिन्हें सर्जरी के लिए फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत लाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

### डोनर्स और रिसीवर भी काबू

डीसीपी ने बताया कि एक डोनर्स और रिसीवर को भी गिरफ्तार किया है। रैकेट में शामिल रसेल नाम का एक व्यक्ति मरीजों और डोनर्स की व्यवस्था करता था। वे प्रत्येक ट्रांसप्लांट के लिए 25-30 लाख रुपये लेते थे। यह रैकेट 2019 से चल रहा था। गिरफ्तार महिला डॉक्टर की पहचान 50 साल की डॉ विजया कुमारी के रूप में हुई है। वह फिलहाल निलंबित है। विजया नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में 2021-23 के दौरान 15-16 ऑर्गन ट्रांसप्लांट किए थे।

### यथार्थ अस्पताल का दावा

नोएडा के यथार्थ अस्पताल के एडिशनल सुपरिटेंडेंट, सुनील बालियान ने बताया कि डॉ विजया उनके अस्पताल में विजिटिंग कंसल्टेंट के रूप में काम कर रही थीं। वह सिर्फ उन्हीं मरीजों का किडनी ट्रांसप्लांट करती थीं, जिन्हें वह खुद लेकर आती थी। अस्पताल की तरफ से उन्हें कोई मरीज नहीं दिया जाता था।



### विजया ने 15 साल पहले इंद्रप्रस्थ अपोलो जॉइन किया

डॉ विजया सीनियर कंसल्टेंट और किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन हैं। उन्होंने 15 साल पहले इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल जॉइन किया था। वह अस्पताल में फी-फॉर-सर्विस यानी काम के आधार पर पैसों, पर काम करती थीं। पुलिस ने डॉ विजया के असिस्टेंट विक्रम को भी गिरफ्तार किया है।

**टूरिज्म कंपनी करती थी व्यवस्था :** रसेल बांग्लादेश के कुश्तिया का रहने वाला है। वह बांग्लादेश में अपने सहयोगियों-मोहम्मद सुमोन मियां, इफ्ती और त्रिपुरा स्थित रतीश पाल के साथ मिलकर वहां से डोनर्स को दिल्ली बुलाता था। फिर डोनर और रिसीवर के लिए अल शिफा नाम की मेडिकल टूरिज्म कंपनी रहने और इलाज का इंतजाम करती थी।

### ऐसे होता था सौदा

सूत्रों के मुताबिक, डॉ विजया और रैकेट से जुड़े अन्य लोग बांग्लादेश के मरीजों को किडनी ट्रांसप्लांट के लिए पैसों लालच देते थे। वे किडनी के बदले डोनर को 4-5 लाख रुपये देते थे। वहीं, जिसे किडनी दी जाती थी, उससे 25-30 लाख रुपये लेते थे। दिल्ली के बड़े अस्पतालों में किडनी ट्रांसप्लांट का पूरा खेल चलता था। सबसे पहले दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार होते थे। इसके आधार पर दावा किया जाता था कि कि डॉनर और रिसीवर (दोनों बांग्लादेशी) के बीच संबंध है। क्योंकि भारतीय कानून के अनुसार डॉनर्स और रिसीवर के बीच संबंध होना जरूरी है।

# एक बार फिर इनेलो-बसपा गठबंधन की कवायद

मनोज भल्ला ▶▶| रोहतक



अभय सिंह चौटाला दूसरी बार करेंगे हाथी की सवारी

हरियाणा में जैसे ही लोकसभा और विधानसभा चुनावों की रणभेरी बजती है बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती का हाथी चिंघाड़ने लगता है। यह हाथी हर बार नई-नई सवारियों को अपनी पीठ पर बैठाता है और चुनाव संपन्न होते ही सवारियों को पटककर वापस अपनी सुप्रीमो के पास उत्तर प्रदेश लौट जाता है। मायावती का हाथी एक बार फिर हरियाणा लौट आया है और इस बार इंडियन नेशनल लोकदल के नेता अभय चौटाला इसकी सवारी करेंगे। अभय चौटाला 2018 में इस हाथी पर पहले भी सवारी कर चुके हैं लेकिन 9 महीने बाद ही हाथी ने उन्हें अपनी पीठ से गिरा दिया था। 5 साल बाद एक बार फिर अभय इस हाथी की सवारी करेंगे। इसकी आधिकारिक घोषणा 11 जुलाई को चंडीगढ़ में हो सकती है। गठबंधन तोड़ने की चैंपियन मायावती एक बार फिर हरियाणा में होने होने वाले विधानसभा चुनावों को देखकर एक्टिव मोड में आ गई हैं। कई दिनों की माथापच्ची के बाद उन्होंने लखनऊ में अभय चौटाला से मुलाकात की और इनेलो से चुनावी गठबंधन कर लिया। 2018 में मायावती ने अभय चौटाला को राखी बांधकर मजबूत गठबंधन का संकेत दिया था लेकिन 9 महीने बाद ही यह समझौता टूट गया। अगले माह रक्षाबंधन आने वाला है और मायावती एक बार फिर अभय चौटाला को सियासी राखी बांधेंगी। हरियाणा में 2024 के लोकसभा चुनाव में बसपा और इनेलो को एक भी सीट नहीं मिली थी। अभय चौटाला और मायावती दोनों ही अपने-अपने प्रदेशों में कमजोर हैं और दोनों का जनाधार तेजी से शून्य की ओर जा रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इनेलो का 1.84 और बसपा का 1.23 वोट प्रतिशत रहा। ऐसी स्थिति में दोनों दलों ने एक बार फिर हरियाणा में एक साथ चुनाव लड़ने का समझौता किया है। मायावती हरियाणा में पहले भी कई राजनीतिक दलों से गठबंधन कर चुकी हैं लेकिन उन्हें गठबंधन कभी रास नहीं आया। हर गठबंधन कभी एक साल से ज्यादा नहीं चला। चौटाला परिवार से उन्होंने तीसरी बार गठबंधन किया है। वे दो बार अभय और एक बार दुष्यंत के साथ गठबंधन कर चुकी हैं। 1998 में उन्होंने पहली बार इनेलो के साथ समझौता किया था। जो कुछ समय बाद टूट गया।

समाचार का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें।

## मायावती की निगाहें 17 आरक्षित सीटों पर

हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में 17 विधानसभा सीटें आरक्षित हैं। मायावती इन सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना चाहती हैं। सिरसा और फतेहाबाद में दलितों की संख्या सबसे ज्यादा है इसलिए गठबंधन के अनुसार मायावती यहां से बसपा के उम्मीदवार मैदान में उतरेंगी। उनकी निगाहें अंबाला और दक्षिण हरियाणा की कुछ सीटों पर भी है। बताया जा रहा है मायावती 35 से अधिक सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतरेंगी। इनेलो और बसपा की योजना जीतने से अधिक दलित और अन्य जातिगत वोटबैंक में सेंध लगाने की है। दलित वोटबैंक पर कांग्रेस और भाजपा का भी अच्छा खासा प्रभाव है जिसे बसपा अपनी ओर करना चाहती है।

## हरियाणा में लगभग 20% दलित वोट

दरअसल मायावती की नजरें हमेशा हरियाणा के दलित वोट बैंक पर रही हैं। हरियाणा में लगभग 20 प्रतिशत दलित वोट बैंक है। जीटी बेल्ट, फतेहाबाद, सिरसा सहित कई जिलों में दलितों की अच्छी खासी संख्या है। एक समय हरियाणा में बहुजन समाज पार्टी का 15 फीसदी तक वोट बैंक था जो धीरे-धीरे कम होता चला गया।

## कई पार्टियों से कर चुकी गठबंधन

2009 में मायावती ने कुलदीप बिश्नोई की पार्टी हजकां के साथ गठबंधन किया जो ज्यादा दिन नहीं टिक पाया। उसके बाद 2018 में एक बार फिर इनेलो के साथ गठबंधन किया जो 9 महीने में ही टूट गया। 2019 में मायावती ने राजकुमार सैनी की पार्टी लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी से चुनावी गठबंधन किया लेकिन यह गठबंधन केवल एक महीने बाद ही टूट गया। इसके बाद बसपा सुप्रीमो ने जननायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला से समझौते की घोषणा की थी लेकिन लखनऊ पहुंचते ही उन्होंने एक महीने में इस समझौते को तोड़ दिया। मायावती का आरोप था कि दुष्यंत चौटाला ने सीटों के बंटवारे में गड़बड़ी की है।

### नायब सैनी सरकार की प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए बड़ी घोषणा

# 10वीं-12वीं में 60% या उससे ज्यादा नंबर पाने वालों को 500 किमी तक मुफ्त यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के स्टूडेंट्स को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार ने प्रदेश के विद्यार्थियों के बस-पास सुविधा को बढ़ा दिया है। अब छात्र सूबे की रोडवेज बसों में पास के जरिए 150 किलोमीटर तक फ्री सफर कर सकेंगे। इससे पहले बस पास की सुविधा केवल 60 किलोमीटर तक थी। इससे पहले सीएम नायब सैनी ने 10वीं और 12वीं में 60 प्रतिशत नंबर पाने वाले हर स्टूडेंट्स का हैप्पी कार्ड बनाने की सुविधा दे चुके हैं। हैप्पी कार्ड बनने पर स्टूडेंट्स हरियाणा रोडवेज की बसों में एक साल तक 500 किमी तक फ्री यात्रा कर सकेंगे। परिवहन मंत्री असीम



गोयल की घोषणा के तहत स्टूडेंट्स को ये पास छमाही आधार पर जारी किए जाएंगे। परिवहन मंत्री असीम गोयल ने घोषणा की कि सरकारी एवं मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए अब बस-पास की सुविधा को 60 किमी से बढ़ाकर 150 किमी कर दिया है।

## सरकारी-प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को भी फायदा

सरकार की हैप्पी कार्ड स्कीम का फायदा सरकारी के साथ प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को भी होगा। इसमें सरकार ने सिर्फ 10वीं और 12वीं में कम से कम 60% नंबरों की शर्त रखी है। इसमें सालाना कमाई को लेकर कोई लिमिट नहीं है। ऐसे में जिन भी बच्चों के 60 फीसद से ज्यादा नंबर होंगे, वह इसका फायदा उठा सकेंगे।

## स्कूलों में बसों की संख्या बढ़ेगी: शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने पंचकूला में स्कूलों के निरीक्षण के दौरान कहा कि जिन स्कूलों में बसों की कमी है, वहां बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। शिक्षा मंत्री ने इससे पहले कालका के धटोकड़ा गांव के स्कूल का दौरा किया। स्कूल बस हादसे के बाद शिक्षा मंत्री स्कूल में छात्रों से मिलने पहुंची थी। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने बच्चों से स्कूल में व्यवस्था की जानकारी ली।

## हैप्पी कार्ड पर एक हजार किमी मुफ्त यात्रा

हरियाणा सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों के लिए हैप्पी कार्ड योजना शुरू की है। इसके जरिए परिवार के सभी सदस्य सरकारी बसों में प्रति वर्ष 1000 किमी की यात्रा फ्री में कर सकते हैं। यह सुविधा सालाना 1.80 लाख रुपए से कम आय वाले परिवारों के लिए है। हैप्पी कार्ड के लिए 50 रुपए का रजिस्ट्रेशन फीस देनी होती है। इसके 15 दिन बाद हरियाणा रोडवेज के बस डिपो के पास जाना होगा। वहां से उनको मोबिलिटी स्मार्ट कार्ड या पास उपलब्ध किया जाएगा।

## प्रदेशभर के लाखों छात्र लाभान्वित होंगे

राज्य सरकार के इस निर्णय से प्रदेशभर के लाखों छात्र लाभान्वित होंगे, इस निर्णय को छात्रों के हित में लिया गया एक बहुत बड़ा फ़ैसला माना जा रहा है। परिवहन मंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा शैक्षणिक संस्थान से अधिकतम 150 किलोमीटर की सीमा तक बस-पास जारी किए जाएंगे, जो कि पहले केवल 60 किलोमीटर तक ही जारी होते थे। यह बस-पास स्कूल/कॉलेज/संस्था प्राधिकारियों की संस्तुति पर छमाही आधार पर जारी किए जाएंगे।

# 37 साल पहले आरएसएस से जुड़े थे बड़ौली कार्यकर्ता से प्रदेशाध्यक्ष तक का सफर तय किया

- जिला परिषद के सदस्य के तौर पर शुरू किया था राजनीतिक जीवन
- 1994 में मंडल अध्यक्ष के साथ शुरू हुई संगठन की पकड़, अब प्रदेशाध्यक्ष
- लोस चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल ब्रह्मचारी से मिली हार



प्रदेश अध्यक्ष बनने पर मोहनलाल बड़ौली का मुंह मीठा कराते हुए सीएम सैनी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

37 साल पहले आरएसएस से जुड़ने वाले मोहनलाल बड़ौली को भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। राई विधानसभा से 2019 में जीत दर्ज कर विधानसभा में भाजपा का खाता खोलने वाले मोहन लाल बड़ौली फिलहाल प्रदेश महामंत्री के तौर पर भी संगठन का कामकाज संभाल रहे थे और विधायक के तौर पर भी सरकार का हिस्सा हैं। हाल ही में सोनीपत लोकसभा सीट से भाजपा की टिकट पर चुनाव भी लड़ा था, हालांकि 21 हजार मतों से पराजय का सामना करना पड़ा। अब भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मोहन लाल बड़ौली को प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। 61 साल के मोहन लाल बड़ौली 2021 से प्रदेश महामंत्री के पद पर कार्यरत हैं। हालांकि उनके लिये ये पहला मौका नहीं था। इससे पहले भी वे जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सरीखी अनेक जिम्मेदारी संगठन में निभा चुके हैं। दूसरी ओर मोहन लाल बडौली को प्रदेशाध्यक्ष बनाकर जीटी रोड बैल्ट पर भी भाजपा ने पूरा जोर लगाने की ठान ली है।

## जीटी रोड बेल्ट पर नजर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल के बाद अब मोहन लाल भी जीटी रोड बैल्ट से ही आते हैं। उन्हें मनोहर लाल की सिफारिश पर प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी गई है। सीएम नायब सिंह सैनी ने गत दिवस नई दिल्ली का दौरा किया था जहां पर चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के बाद जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। यहीं पर बड़ौली को प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर सहमति बना ली गई थी।

## विस चुनाव में रहेंगी चुनौतियां

प्रदेशाध्यक्ष के रूप में मोहनलाल बड़ौली के सामने जल्द ही विधानसभा की चुनौती सामने होगी। 4-5 माह में ही विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में उन्हें कई परीक्षाओं से गुजरना होगा और संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौती भी उनके सामने रहेगी। लोकसभा के चुनाव सीएम नायब सिंह सैनी के प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए लड़े गए।


**उत्तर रेलवे**

**ई. निविदा**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा संख्या 15–अम्बाला/2024–25 दिनांक 08.07.2024**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | i) आरपीजे यार्ड पर विशेष लेआउट का नवीनीकरण (डीडीएस– 2 नंबर)। ii) 1912 स्लीपरों का आकस्मिक नवीनीकरण। iii). वरिष्ठ मंडल अभियंता–चतुर्थ/यूएमबी के तहत सरहिंद–एनएलडीएम के अनुभाग में टीआरआर(पी)–0.527 टी किमी। | 47,11,425 | 94,200 | 06 महीने | 31.07.2024 |
| 2 | एडीईएन/एसएमएल के तहत टकसाल से शिमला तक स्टाफ क्वार्टरों में विभिन्न स्टाफ सुविधाओं में सुधार। (ब्लॉक नंबर एसएमएल–एल–62, 171, टी–11, 12, 15, 16, 26, 40, 41, 43, 54, 55, 138, एसएचजेड–टी–3 और 4, जेटीओ–टी–2, टीवीआई–टी–2, जी. नंबर 19, एसजीएस–टी–3, केईजे–जी.नंबर 17, एसएलआर–टी–2, एसडब्ल्यूओ–टी–2, 5, जी. नंबर 7, डीएमपी–ई–29 , बीओएफ–टी–14 और एसओएल–टी–2)। | 1,81,33,608 | 2,40,700 | 06 महीने | 31.07.2024 |
| 3 | वरिष्ठ मडल अभियंता–चतुर्थ/यूएमबी के अनुमाग में (1) सीटीआर (एस) – 3.077Tkm लूप लाइनें (289.526 – 290.707, 306.992 – 307.965 और 306.993 – 307.916), एसटी/वुडन/सीएसटी–9 स्लीपरों (1340 संख्या/किमी) पर बिछाई गई मौजूदा 52 किलो 72 यूटीएस एसएच रेल में से ) एम+4 घनत्व के साथ पीएससी, एसटी/लकड़ी/सीएसटी–9 स्लीपरों 1660 संख्या/किमी पर 60 किलो 90 यूटीएस एसएच रेल. (2) टीआरआर (एस) 1.603 Tkms (23.281–23.705, 31.36–31.74, 31.493–31.896, 31.501–31.852, और 48.294–48.339) मौजूदा 90आर, 72 यूटीएस(एस) से 52किग्रा 90यूटीएस(एस), (3) टीएसआर(एस) 1.756 Tkms (289.676–290.604 और 289.561–290.389) मौजूदा पीएससी 52 किग्रा (1340 संख्या/किमी) एम+4 पीएससी 60 किग्रा (1540 संख्या/किमी) एम+7 के साथ, (4)टीआरआर(पी) 11.928 Tkms (267–270.25, 270.54–272.96, 275–278.32, 308.06–311) कार्य का प्रावधान । | 2,21,62,061 | 2,60,800 | 12 महीने | 31.07.2024 |
| 4 | अंबाला मंडल पर आरजीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में वरिष्ठ मंडल अभियंता–प्रथम/यूएमबी के तहत विभिन्न स्टेशनों पर विश्राम सुविधा, पहुंच राड़क, मार्ग, जल आपूर्ति और अधीनस्थ कार्यो के लिए शेष कार्य। | 63,49,798 | 1,27,000 | 04 महीने | 31.07.2024 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल अभियता–द्वितीय/यूएमबी के तहत अंबाला मंडल पर आरजीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में विभिन्न स्टेशनों पर शेष विश्राम सुविधा कार्यों का प्रावधान। | 84,66,403 | 1,69,300 | 06 महीने | 31.07.2024 |
| 6 | LIDAR सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग करके यार्ड और अनुभाग का क्रमिक सत्यापन। | 32,26,084 | 64,500 | 03 महीने | 31.07.2024 |

**नोट** :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **2076/2024**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**


## मिड-डे मील का राशन खराब मिला, स्कूल हेड निलंबित

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को विधान सभा क्षेत्र पंचकूला के गांव मानक्या, कोट और नग्गल के सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मानक्या स्कूल में अनेक प्रकार की अनियमितताएं मिलीं, जिनके कारण स्कूल मुखिया भारती गुप्ता को निलंबित कर दिया गया। गुप्ता ने कहा कि इन स्कूलों में पढ़ने वाले नौनिहाल हमारे देश का भविष्य हैं, उनके हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा।

## पीजीटी संस्कृत के 46 पदों का परिणाम जारी

चंडीगढ़। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा एसएलपी (सी) 3263 /2023 में सर्वोच्च न्यायालय के 22 अप्रैल, 2024 को दिए गए आदेश की अनुपालना में विज्ञापन संख्या 4/2015 कैटेगरी संख्या 16 के तहत शेष बचे हुए 46 पदों का परिणाम जारी कर दिया है। आयोग प्रवक्ता ने बताया कि इन 46 पदों में से 45 पदों के विरुद्ध अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिए अनुशंसा कर दी गयी है और एक सामान्य पद का परिणाम सी.डब्ल्यू.पी. संख्या 1213/2024 की अनुपालना में लंबित रख लिया गया है।


**MUNICIPAL COMMITTEE UCHANA (JIND)**

**PUBLIC NOTICE/TENDER NOTICE**

| SR. NO. | NAME OF DEPARTMENT/ BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/ NOTICE/TENDER | Bid Submission Start Date & Bid Submission End Date & Bid Opening Date | Tender Value in ₹ | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/EMAIL | TENDER REF. NO/ TENDER NO. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Municipal Committee Uchana | Road Marking on NH-352 to Mandi Gate (40 Foota), OLD Bus Stand and New Bus Stand to Railway Station and Railway Fatak, Litani Road, Rajbaha Road etc. | 08-Jul-2024 09:00 AM & 15-Jul-2024 05:00 PM & 16-Jul-2024 10:00 AM | 9,44,127 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 387811_1 |
| 2 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Rajender Khatkar to Shop of Anita Sunari in MC Uchana. | 08-Jul-2024 09:00 AM & 15-Jul-2024 05:00 PM & 16-Jul-2024 10:00 AM | 11,04,979 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 387820_1 |
| 3 | Municipal Committee Uchana | Const. of IPB Street from House of Bhani to House of Satpal in Ward No. 02 in MC Uchana. | 08-Jul-2024 09:00 AM & 15-Jul-2024 05:00 PM & 16-Jul-2024 10:00 AM | 5,66,310 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 387815_1 |
| 4 | Municipal Committee Uchana | Repair of IPB Street from Rajbaha Road to House of Rajbir in Ward No. 03 In MC Uchana. | 08-Jul-2024 09:00 AM & 15-Jul-2024 05:00 PM & 16-Jul-2024 10:00 AM | 7,89,347 | http://etenders.hry.nic.in | mcuchana12@gmail.com | 2024_HRY_ 387830_1 |

Sd/- Secretary
Municipal Committee Uchana



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 178 दिनांक 06.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना PGIMS जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम** - काल्पनिक नाम रिटा
**पिता/पति का नाम** - नहीं पता
**पता**- नहीं पता
**उम्र**- 35 वर्ष
**कद**- 5 फुट 6 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, काले छोटे बाल व काली आँखें।
**पहनावा** - गोल्डन रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 06.07.24 को PGIMS रोहतक से काल्पनिक नाम की रिटा (मरीज) PGIMS रोहतक से बिना किसी को बताए पी. जी. आई. एम. एस. रोहतक से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पी जी आई एम एस रोहतक- 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी जी आई एम एस रोहतक- 9416481802

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 170 दिनांक 06.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**





**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम** - परमजीत व उसका दोस्त योगेन्द्र
**पिता/पति का नाम** - पुत्र सुरेश
**पता** - गली नं. 05 प्रेम नगर जिला रोहतक
**उम्र** -35 वर्ष व 28 वर्ष
**कद**- 5 फुट 11 ईंच व 5 फुट 9 ईंच
**हुलिया**- 1. रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल व काली आँखें।
2. रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल व काली आँखें।
**पहनावा** - 1. संतरिया रंग की टी शर्ट व काला लोवर व पैरों में SPORTS सूज पहने हुए है।
2. नीले रंग की पैन्ट शर्ट व पैरो में सफेद जूते पहने हुए है।
दिनांक 06.07.24 को परमजीत पुत्र सुरेश निवासी गली नम्बर 05 प्रेम नगर जिला रोहतक व उसका दोस्त योगेन्द्र परमजीत के घर प्रेम नगर रोहतक से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999118
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक-

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 287 दिनांक 07.07.24 धारा 140(3) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम**- दीपक
**पिता/पति का नाम** - पुत्र सुरेश
**पता**- फतेहपुरी कालोनी जिला रोहतक
**उम्र**- 16 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- 1. रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल व काली आँखें, दाहिने हाथ की कलाई पर दीपक हिन्दी में लिखा हुआ, त्रिशूल का निशान गुदा हुआ, 5 वीं पास।
**पहनावा**- पीली टी-शर्ट, काले रंग की पैन्ट व पैरों में सफेद रंग की हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 07.07.24 को दीपक पुत्र सुरेश निवासी फतेहपुरा कालोनी जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9466308736

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 419 दिनांक 07.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शहर जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम**- जमौरो निशा
**पिता/पति का नाम** - पत्नी अनवर हुसैन
**पता**- जीन्द बाई पास जिला रोहतक
**उम्र**- 37 वर्ष
**कद**- 5 फुट लगभग
**हुलिया**- 1. रंग काला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल व काली आँखे, अनपढ़
**पहनावा** - काले रंग की साडी व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 07.07.24 को जमौरो निशा पत्नी अनवर हुसैन निवासी जीन्द बाई पास जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9991786723

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 231 दिनांक 07.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम**- ज्योति
**पिता/पति का नाम** - पुत्री विनय
**पता**- सांपला अनाज मण्डी, सांपला जिला रोहतक
**उम्र**- 19 वर्ष
**कद** - 5 फुट 5 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल व काली आँखें।
**पहनावा**- नीले रंग की पैन्ट व नीली शर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 07.07.24 को ज्योति पुत्री विनय निवासी अनाज मण्डी सांपला जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 8901432412

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**


**अभियोग संख्या 289 दिनांक 08.07.24 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम**- विकास उर्फ मोनू
**पिता/पति का नाम** - पुत्र बिजेन्द्र
**पता** - शास्त्री नगर लाढ़ौत रोड, जिला रोहतक
**उम्र**- 33 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, घुंघराले बाल, काले बाल व काली आँखें।
**पहनावा** - नीले रंग की पैन्ट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 08.07.24 को विकास उर्फ मोनू पुत्र बिजेन्द्र निवासी शास्त्री नगर लाढ़ौत रोड जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 8307278001

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 414 दिनांक 08.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**



**गुमशुदा की पहचान बारे -**
**नाम**- रोशनी
**पिता/पति का नाम** - पत्नी सुरेन्द्र
**पता** - भिवानी चुन्गी, जिला रोहतक
**उम्र**- 21 वर्ष
**कद**- 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, घुंघराले बाल, काले बाल व काली आँखे।
**पहनावा**- लाईट रंग का कमीज व हरे रंग की पजामी व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 07.07.24 को विकास उर्फ मोनू पुत्र बिजेन्द्र निवासी शास्त्री नगर लाढ़ौत रोड जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 8307278001

पीआरडीएच-1084/11/2510/2025/27637/88/6 दि. 09.07.24

## खबर संक्षेप

### 11-12 को वितरित होंगे सेकेण्डरी के प्रमाण-पत्र

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सैकेण्डरी परीक्षा मार्च 2024 के विद्यालयी व गुरूकुल विद्यापीठों के परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र व माइग्रेशन एवं कम्पार्टमेंट कार्ड प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के कार्यालयों पर 11 जुलाई को भेजे जा रहे हैं। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने इस बारे जानकारी दी। इसके अतिरिक्त स्वयंपाठी परीक्षार्थियों के प्रमाण पत्र पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे।

### ग्रुप-डी पदों के लिए कैटेगरी ठीक करने का अंतिम मौका

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेश में ग्रुप-डी पदों पर भर्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर अभ्यर्थियों के हित में फैसला लेते हुए ग्रुप-डी पदों के लिए करेक्शन पोर्टल की तिथि 10 जुलाई तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। अब अभ्यर्थी 10 जुलाई रात 12 बजे तक अपनी कैटेगरी में बदलाव कर पाएंगे। आयोग द्वारा 6 जुलाई को सीईटी ग्रुप डी स्टेज-1 का संशोधित परिणाम जारी किया गया था है, जिसमें सामाजिक-आर्थिक मानदंड के अंकों का लाभ दिए बिना उम्मीदवार के केवल सीईटी अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की गई।

# जीएसटी चोरी मामले में ईडी ने की प्रदेशभर में छापेमारी


**तीन पूर्व अधिकारियों के खिलाफ भी की गई कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा/फतेहाबाद

- करीब 40 गाड़ियों में सवार होकर आए ईडी के अधिकारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार अलसुबह प्रदेश के कई जिलों में दबिश दी है। यह छापेमारी राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन पूर्व अधिकारियों के खिलाफ भी की गई है। टीम ने फतेहाबाद के शिव नगर व सिरसा की अनाज मण्डी में कई जगह दबिश देकर करोड़ों के जीएसटी चोरी के मामले को खंगाला। मामला 6-7 साल पुराना बताया जा रहा है। सिरसा में जहां दबिश दी गई, उस फर्म का मालिक जेल में बंद है जबकि फतेहाबाद के शिव नगर में रमेश कुमार नामक व्यक्ति के घर भी ईडी ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। टीम के घर में दस्तक देने के बाद न किसी को घर से बाहर निकलने दिया और न ही किसी को घर के अंदर जाने दिया गया। करीब 40 गाड़ियों में सवार होकर आए ईडी के अधिकारियों ने सात टीमों का गठन किया। सभी टीमों ने एक साथ पदम बंसल, महेश बंसल, वीरेंद्र गुप्ता सहित अन्य आरोपियों के ठिकानों पर दबिश दी। टीम ने सिरसा के एफ ब्लॉक में पदम बंसल के घर पर रेड की। टीम के अचानक पहुंचने से बंसल की पत्नी की तबीयत बिगड़ गई। उसे तुरंत निजी अस्पताल में लेकर गए। इसके अलावा टीम ने आरोपियों के अनाजमंडी स्थित प्रतिष्टान, जनता भवन रोड, अग्रसेन कॉलोनी, नंदन वाटिका, हुडा सेक्टर सिरसा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में भी छापा मारा है। इन स्थानों पर आरोपियों के घर, दुकान या व्यापारिक प्रतिष्ठान है। समाचार लिखे जाने तक ईडी की टीम सभी स्थानों पर जांच में जुटी हुई थी। अधिकारियों ने मीडिया से कोई बात नहीं की। बता दे कि फर्जी फर्म मामले में पदम बंसल, महेश बंसल व कुछ अन्य आरोपी जेल की हवा खा चुके हैं। इनमें से पदम बंसल अभी जमानत पर बाहर हैं। टीम ने यहां पर लेन-देन के दस्तावेज जिसमें कॉटन सीड, चना, गेहूं व प्रोपर्टी खरीद के दस्तावेज खंगाले। छानबीन में टीम 6-7 साल पुराने दस्तावेज ढूंढने का प्रयास कर रही थी। उधर, फतेहाबाद में ईडी की टीम ने वेंकटेश अय्यर के नेतृत्व में दबिश दी। शिव नगर निवासी रमेश की सिरसा अनाज मंडी में दुकान है। बताया जाता है कि फर्जी फर्म बनाकर कारोबार करने वालों में इन संदिग्धों का नाम भी आ चुका है। कारोबारी रमेश के घर सुबह जिस समय ईडी टीम पहुंची तो उस समय रमेश अपनी पत्नी व बेटी के साथ घर पर मौजूद थे। ईडी ने घर के बाहर पुलिस का पहरा बिठाकर किसी के भी अंदर आने व बाहर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया।

**पूर्व आईपीएस के घर पर आर्थिक अपराध शाखा का छापा:** इधर रोहतक के सेक्टर 14 में आर्थिक अपराध शाखा ने एक रिटायर्ड अफसर के घर पर छापा डाला है। ईडी की टीम दोपहर 12:00 बजे पहुंची। आईपीएस ऑफिसर पिछले दोनों ही जमानत पर आए थे। अब आर्थिक अपराध शाखा ने जांच पड़ताल की है।



सिरसा। आरोपियों के आवास के बाहर खड़ी ईडी टीम की गाड़ियां।



फतेहाबाद। शिव नगर स्थित रमेश अरोड़ा का घर, जहां ईडी टीम ने दबिश दी।

**कुरुक्षेत्र : ट्रक और कार में टक्कर**

# स्विफ्ट में लगी आग, तीन युवक जिंदा जले, एक गंभीर

- कार में सवार युवक झज्जर से चंडीगढ़ जा रहे थे पेपर देने
- मृतकों की पहचान नहीं, बचाव के लिए गया ग्रामीण भी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। आग में जली कार।

नेशनल हाईवे 152डी पर देर रात पिहोवा के गांव संधौली के नजदीक एक स्विफ्ट कार की ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद कार में आग लग गई। जोरदार धमाके की आवाज आने पर गांव संधौली से ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक कार में सवार चार युवकों में से तीन युवकों की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है जिसका इलाज कुरुक्षेत्र के निजी अस्पताल में चल रहा है।

बताया गया है कि कार में सवार युवक झज्जर से चंडीगढ़ पेपर देने जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद मौके पर बचाव के लिए पहुंचे गांव संधौली का युवक लवप्रीत नेशनल हाइवे के पुल से नीचे गिर गया और घायल हो गया। लवप्रीत को पिहोवा के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब वे मौके पर पहुंचे तो कार में आग लगी हुई थी और घायल युवक आशीष कार से दस फुट की दूरी पर सड़क पर बैठा हुआ था। आशीष ने बताया कि वह झज्जर का रहने वाला है और कार में तीन लोग मौजूद हैं। मृतकों की अभी तक पहचान नही हो पाई है। हादसे में घायल युवक की स्थिति गंभीर है। युवक बयान देने की हालत में नही है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है। मृतक तीनों युवकों के शव को पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल भिजवा दिया गया है। मृतकों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

# ट्रांसमिशन लाइनों में उपयोग भूमि के स्वामियों को मिलेगा मुआवजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- प्रदेश सरकार ने लिया किसानों के हितों में फैसला

मुख्यमंत्री नायब सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार पूरे हरियाणा में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना में तेज़ी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में ऊर्जा विभाग ने प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ट्रांसमिशन परियोजनाओं से प्रभावित भूमि मालिकों के उचित मुआवजा देने के लिए मुआवज़ा नीति शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य भूमि मालिकों, विशेष रूप से किसानों और ट्रांसमिशन यूटिलिटीज़ के बीच लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को हल करना है। हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड को ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना के दौरान भूमि मालिकों, विशेषकर किसानों व लाईन निर्माण ईकाई मे गतिरोध रहा है जिससे की इस अहम व आधारभूत निर्माण मे विलम्ब हो रहा है। इस नीति के क्रियान्वयन से अब आधारभूत निर्माण में तेजी आएगी। विदित है कि ऊर्जा मंत्रालय द्वारा ट्रांसमिशन लाइनों के लिए राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) के मुआवजे हेतु जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप हरियाणा सरकार ने इस नीति को मंजूरी दी है। नई नीति में किए गए प्रावधानभूमि अधिग्रहण के बिना भूमि मूल्य के 200 प्रतिशत की दर पर टावर बेस एरिया का मुआवजा देना, जहाँ ट्रांसमिशन टावर स्थापित किए जाते हैं। पिछली नीति में टावर बेस एरिया के लिए मुआवजा भूमि मूल्य के 100 प्रतिशत की दर पर निर्धारित किया गया था।

# बॉक्सर मनोज कुमार को डीएसपी नियुक्त नहीं करने पर हाईकोर्ट सख्त

**चंडीगढ़।** अर्जुन अवार्डी तथा राष्ट्रमंडल खेलों में गोल्ड मेडलिस्ट बाक्सर मनोज कुमार को डीएसपी नियुक्त नहीं करने पर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि वह ऐसी नियुक्ति करते समय अधिकारियों द्वारा अपनाए गए मानदंडों का रिकार्ड हाईकोर्ट में पेश करे। मनोज की तरफ से कोर्ट को एक सूची देकर बताया गया कि उसे केवल इंस्पेक्टर की नौकरी का पेशकश की गई, जबकि उससे कम या बराबर वालों को डीएसपी या उच्च पद पर नियुक्ति दी गई। अर्जुन पुरस्कार विजेता मनोज ने कई अन्य खिलाड़ियों का तुलनात्मक चार्ट भी दिया, जिन्हें राज्य सरकार ने डीएसपी बनाया है, लेकिन उसे गलत ढंग से मना कर दिया गया। ममता सौदा, जितेंद्र कुमार, जोगिंदर शर्मा, गीतिका जाखड़ को राज्य सरकार ने डीएसपी के पद पर नियुक्ति दी है।

# रोडवेज बस में मिले अवैध पिस्तौल, कारतूस व चाकू


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- पुलिस ने लिए कब्जे में, जांच शुरू

मंगलवार शाम के वक्त वर्कशॉप में खड़ी बस की सफाई के दौरान मिले एक लावारिश बैग में दो अवैध पिस्तौल, कारतूस व चाकू मिले। रोडवेज कर्मचारियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बैग को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बस गुरुग्राम से भिवानी पहुंची थी। जानकारी के अनुसार सुबह पांच बजकर दस मिनट पर भिवानी से गुरुग्राम के लिए बस गई थी। वह दोपहर को वापस करीब साढ़े 12 बजे के आसपास भिवानी पहुंची। चालक ने सवारी उतारने के बाद बस को वर्कशॉप में खड़ी कर दी। कुछ देर बाद बस की सफाई करने के लिए कर्मचारी बस में चढ़े तो उसमें एक बैग दिखा। बैग में संदिग्ध चीज नजर आने पर कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैग की जांच की तो उसमें दो अवैध देशी पिस्तोल, कारतूस व एक चाकू मिला। फिलहाल पुलिस ने उक्त बैग को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। इस बारे में थाना औद्योगिक क्षेत्र ने न तो पुष्टि की और न ही इनकार किया।

# नरवाना विस सीट पर कांग्रेस के लिए 20 साल से सूखा

सतेंद्र पंडित ▶▶| जींद



**खास बातें**

- रिजर्व के बाद दो बार इनेलो और एक बार जजपा ने मारी बाजी
- भाजपा के लिए कमल खिलाने की चुनौती

पंजाब की सीमा से सटे नरवाना विधानसभा एसी के लिए रिजर्व है। क्षेत्र में जहां कांग्रेस अपना 20 साल का सूखा दूर करने का सपना साकार करना चाहती है,वहीं दूसरी ओर भाजपा भी यहां से अपनी पहली जीत दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। पिछली तीन योजनाओं में से दो योजनाएं इनेलो ने जीत दर्ज की। जबकि 2019 के विधानसभा चुनाव में दुष्यंत चौटाला की जेजेपी से रामनिवास सूरजाखेड़ा ने जीत दर्ज की थी। कांग्रेस के टिकट पर 2005 का चुनाव रणदीप सुरजेवाला ने जीता था और वह भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मंत्रिमंडल में बिजली मंत्री बने थे। यहां पर 2000 का चुनाव ओमप्रकाश चौटाला ने जीता था और वह हरियाणा के मुख्यमंत्री बने थे। वर्ष 2009 मे परिसीमन में जींद जिले की नरवाना विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित घोषित कर दिया गया था। इससे पहले इस विधानसभा सीट पर राजनीति के शमशेर सिंह सुरजेवाला के ईद.गिर्द घूमती रही है। रणदीप सुरजेवाला का इस विधानसभा क्षेत्र में आज भी प्रभाव पूरी तरह से कायम है।


1967 में पहली बार रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के एस सिंह विधायक बने। 1968 में कांग्रेस की टिकट पर नेकीराम ने जीत दर्ज की। 1972 में लाल गोरी शंकर नरवाना से विधायक चुने गए वह कांग्रेस की टिकट पर मैदान में थे। 1977 में शमशेर सिंह सुरजेवाला ने एंट्री की और विधायक बने। 1982 में वह नरवाना से दूसरी बार विधायक बनने वाले पहले नेता बने। 1987 में चौधरी देवीलाल की लहर में लोक दल की टिकट पर टेकचंद विधायक चुने गए। लेकिन 1991 में शमशेर सिंह सुरजेवाला तीसरी बार विधायक बन गए। 1993 में यहां यूपी चुनाव हुआ और जनता पार्टी की टिकट पर ओम प्रकाश चौटाला विधायक बने। 1996 के चुनाव में रणदीप सुरजेवाला ने ओमप्रकाश चौटाला को हराकर जीत दर्ज की और रणदीप सुरजेवाला पहली बार विधायक बने। वर्ष 2000 में ओमप्रकाश चौटाला ने जीत दर्ज की और इनेलो की सरकार बनने पर वह मुख्यमंत्री बने। 2005 के चुनाव में रणदीप सुरजेवाला ने विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की और कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश के बिजली मंत्री बने। इसके बाद नए परिसीमन लागू हो गया और तब से यह सीट कांग्रेस से दूर है। 2009 और 2014 के चुनाव में पृथी सिंह नंबरदार की टिकट पर विधायक चुने गए। लेकिन वह विपक्ष में रहे।

करदाता ध्यान दें !
क्या आप विदेशी आस्ति /बैंक खाता, आदि के धारक हैं?
कृपया आई.टी.आर (ITR) में विदेशी आस्ति अनुसूची भरें
निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए आई.टी.आर दाख़िल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2024

यदि आप
पिछले वर्ष के दौरान भारत में कर निवासी हैं, और / विदेशी आस्ति या बैंक खाते धारक हैं, या / पिछले वर्ष के दौरान विदेशी आय अर्जित की है
विदेशी आस्ति में शामिल हैं
• विदेशी बैंक खाता
• विदेशी नकद मूल्य बीमा अनुबंध या वार्षिकी अनुबंध
• किसी इकाई/व्यापार में वित्तीय हित
• अचल सम्पत्ति
• विदेशी अभिरक्षक खाता
• विदेशी इक्विटी और ऋण ब्याज
• भारत के बाहर के ट्रस्ट, जिनमें आप ट्रस्टी, लाभार्थी या समझौताकर्ता हैं
• खाते, जिनमें आप हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत हैं
• अन्य कोई पूंजीगत आस्ति
• अन्य कोई विदेशी आस्ति जो धारित की गई है तथा जो अनुसूची एफ. ए. में निर्दिष्ट हैं
कृपया ध्यान दें
एक निवासी भारतीय को कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान किसी भी समय पर धारित की गई विदेशी आस्ति / खाते के लिए एफ़.ए / एफ़. एस. आई अनुसूची भरना अनिवार्य है
भले ही,
1 आपकी कोई कर योग्य आय नहीं हैं या आपकी आय मूल छूट सीमा के अन्तर्गत आती हैं
2 वही जानकारी किसी अन्य अनुसूची में दर्ज की गई है (जैसे अनुसूची ए.एल)
3 विदेशी या घरेलू आय के प्रकट स्रोतों से विदेशी आस्ति उत्पन्न/अर्जित की गई हैं
कृपया ध्यान दें : आई.टी.आर में विदेशी आस्ति / आय का खुलासा करने में विफल रहने पर काला धन, (अघोषित विदेशी आय और आस्ति) और कर अधिनियम 2015 का अधिरोपण करते हुए रुपये 10 लाख का जुर्माना लगाया जा सकता है, चाहे विदेशी आस्ति घोषित आय के स्त्रोत से अर्जित की गई हो।
अधिक सहायता के लिए, कृपया www.incometax.gov.in पर जायें
अधिक जानकारी के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें
आयकर विभाग
केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड
@IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @IncomeTaxIndia.Official IncomeTaxIndia.gov.in
cbc 15401/13/0002/2425

# भारतीय क्रिकेट टीम के कोच बने गौतम गंभीर

भाषा ▶▶ नई दिल्ली



**गंभीर राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे**

**2027 तक रहेगा कार्यकाल**

विश्व कप विजेता टीम के सलामी बल्लेबाज रहे गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह राहुल द्रविड़ की जगह लेंगे जिन्होंने भारत की टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, 'मैं गौतम गंभीर का भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बेहद प्रसन्न हूं। आधुनिक समय में क्रिकेट तेजी से विकसित हुआ है और गौतम ने इस बदलते परिदृश्य को करीब से देखा है। अपने पूरे करियर में विभिन्न भूमिकाओं में कड़ी मेहनत करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद मुझे विश्वास है कि गौतम भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श व्यक्ति हैं।' उन्होंने लिखा, 'टीम इंडिया के लिए उनका स्पष्ट दृष्टिकोण उनके अपार अनुभव के साथ मिलकर उन्हें इस रोमांचक और सबसे अधिक मांग वाली कोचिंग भूमिका को संभालने के लिए पूरी तरह से तैयार करता है। इस नए सफर पर निकलने के लिए बीसीसीआई उनका पूरा समर्थन करता है।' एकदिवसीय विश्व कप 2011 जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे 42 साल के गंभीर की कप्तानी में 2012 और 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल खिताब जीता। वह 2024 में आईपीएल खिताब जीतने वाली नाइट राइडर्स टीम के मेंटर थे।

### इंडिया मेरी पहचानः गंभीर

*खुद को हेड कोच बनाए जाने के बाद गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- 'इंडिया मेरी पहचान है और देश की सेवा करना मेरे लिए गर्व की बात है। टीम इंडिया में वापसी करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, हालांकि कैप अलग होगी। लेकिन मेरा लक्ष्य वही होगा, जो हमेशा से रहा है...हर भारतीय को गौरवान्वित करना। मैन इन ब्लू के कंधों पर 140 करोड़ भारतीयों के सपने हैं और मैं उन्हें पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा।'*

### गंभीर क्रिकेट को आगे ले जाएंगे : जय शाह

*बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा- 'मॉडर्न-डे क्रिकेट का विकास तेजी से हुआ है और गंभीर ने इसे बड़े करीब से देखा हैं। गौतम ने अपने करियर में कई कठिनाइयों को पार किया है। उन्होंने अलग-अलग रोल निभाया है। मुझे भरोसा है कि वे भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए आइडियल पर्सन है। उनका क्लियर विजन, एक्सपीरिएंस उन्हें भारतीय टीम की कोचिंग भूमिका को निभाने के लिए से सक्षम बनाता है।'*

### साल 2000 के बाद टीम इंडिया के 5वें भारतीय हेड कोच होंगे गंभीर

टीम इंडिया ने साल 2000 के बाद विदेशी हेड कोच अपॉइंट करने को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया था। इस दौरान न्यूजीलैंड के जॉन राइट, ऑस्ट्रेलिया के ग्रेग चैपल, साउथ अफ्रीका के गैरी कर्स्टन और जिम्बाब्वे के डंकन फ्लेचर ने कोचिंग की जिम्मेदारी संभाली। फ्लेचर का कार्यकाल 2015 में खत्म हुआ, उनके बाद भारतीय हेड कोच बनाने का सिलसिला शुरू हुआ। तब से रवि शास्त्री 2 बार, वहीं अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ 1-1 बार कोच पद संभाल चुके हैं। 2007 में लालचंद राजपूत भी टीम के कोच बने थे। अब गंभीर ने कोचिंग पद संभाला, इस तरह 21वीं सदी में वह टीम इंडिया के 5वें भारतीय कोच बने। उनका कार्यकाल 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक रहेगा।

## खबर संक्षेप



### सूर्यकुमार पत्नी संग उडुपी मंदिर पहुंचे

**उडुपी।** भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है। मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को चमेली के फूलों की माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा।

### पीसीबी ने दी कर्स्टन और गिलेस्पी को खुली छूट

**लाहौर।** टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने मंगलवार को मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी को टीम की किस्मत बदलने के लिए खुली छूट दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए विश्व कप के ग्रुप चरण में अमेरिका की नई नवेली टीम के अलावा भारत से हारकर सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। नकवी ने सीमित ओवरों के प्रारूप और टेस्ट टीम के कोच से मुलाकात की। इस दौरान कर्स्टन और गिलेस्पी ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं।

### गुकेश के लिये रैपिड में बेहतर प्रदर्शन का मौका, गुजराती को वाइल्डकार्ड



**जगरेब (क्रोएशिया)।** विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश के पास ग्रैंड शतरंज टूर के तहत खेले जा रहे सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में रैपिड वर्ग में अपना प्रदर्शन सुधारने का मौका है जबकि विदित गुजराती वाइल्ड कार्ड के जरिये उनसे जुड़ेंगे। गुकेश का सामना विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में 20 नवंबर को चीन के डिंग लिरेन से होगा। गुकेश का प्रदर्शन क्लासिकल प्रारूप में बेहतरीन रहा है लेकिन तेज रफ्तार वाले प्रारूप में वह लय नहीं बना सके हैं। टाई रहने पर ऐसे खेले जाएंगे मुकाबले विश्व चैम्पियनशिप में मुकाबला टाई रहने पर रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज के तेज समय नियंत्रण में मुकाबले खेले जायेंगे। रैपिड और 18 अंडर ब्लिट्ज शतरंज नियमों के तहत नौ दौर में खेले जाने वाले 175000 डॉलर ईनामी राशि के इस टूर्नामेंट में गुजराती को वाइल्ड कार्ड मिला है।

**क्रिकेट : तीसरा मैच आज भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से**

# टी-20 सीरीज में बढ़त बनाने आज भिड़ेंगी भारतीय-जिम्बाब्वे की टीम

**पांच मैचों की सीरीज में दोनों ने जीते हैं 1-1 मैच**

एजेंसी ▶▶ हरारे

भारतीय क्रिकेट टीम और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के बीच टी-20 सीरीज का तीसरा मैच आज 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच अभी सीरीज 1-1 से बराबरी पर है।

पहले मैच में जिम्बाब्वे को 13 रन से जीत मिली थी, वहीं दूसरे मुकाबले में शुभमन गिल की टीम ने शानदार वापसी करते हुए 100 रन से जीत दर्ज की थी। भारत और जिम्बाब्वे के बीच होने वाला यह मैच 10 जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लीव ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।



### जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का पलड़ा रहा है भारी

भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ कुल 10 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे 7 जीत मिली है, जबकि 3 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इनमें से 9 मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए हैं। भारत ने जिम्बाब्वे की धरती पर 6 मैच में जीत दर्ज की है और 3 में हार झेली है। दिलचस्प रूप से भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ कोई टी-20 सीरीज नहीं गंवाई है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

रजा ने पिछले 10 टी-20 मुकाबलों में 127.63 की स्ट्राइक रेट से 194 रन बनाए हैं। अभिषेक ने इस सीरीज के 2 मुकाबलों में 196.07 की स्ट्राइक रेट और 50 की औसत से 100 रन बनाए हैं। गायकवाड़ के बल्ले से 2 मैच में 150 की स्ट्राइक रेट से 84 रन निकले हैं। मुजारबानी ने पिछले 10 मुकाबलों में 13 विकेट झटके है, वहीं बिश्नोई के नाम पिचले 2 मैच में 3 की इकॉनमी से 6 विकेट है।



### ऐसी हो सकती है भारतीय टीम

सीरीज के बाकी मैचों के लिए शिवम दुबे, संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल भारतीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं। हालांकि, जायसवाल को टीम में जगह मिलना मुश्किल है क्योंकि अभिषेक शर्मा ने पिछले मैच में ही शतक जड़ा था। दुबे और सैमसन, साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल की जगह टीम में शामिल हो सकते हैं।

### इस संयोजन के साथ उतर सकती है जिम्बाब्वे

दूसरे टी-20 में जिम्बाब्वे की गेंदबाजी बेहद खराब रही थी। खिलाड़ियों ने 20 ओवर में 234 रन बनवा दिए थे। ऐसे में तीसरे टी-20 में जिम्बाब्वे अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। बल्लेबाजी में भी टीम का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा है। टीम को उनसे भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**विम्बलडन**

# टेलर फ्रिट्ज ने ज्वेरेव को हराया, जोकोविच भी जीते



एजेंसी ▶▶ लंदन

अमेरिका के 13वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने दो सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दो बार के ग्रैंडस्लैम उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 6-3 से हराकर विम्बलडन पुरूष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

अब उनका सामना 25वीं वरीयता प्राप्त इटली के लोरेंजो मुसेत्ती से होगा जो पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम में अंतिम आठ में पहुंचे हैं । फ्रिट्ज को विम्बलडन 2022 में रफेल नडाल ने हराया था।

### डि मिनौर भी पहुंचे क्वार्टर फाइनल में

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना सात बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच ने होल्गर रूने को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। दर्शक रूने के नाम के नारे लगा रहे थे और जोकोविच की हूटिंग भी हुई लेकिन इससे वह विचलित नहीं हुए।

### महिला वर्ग का ऐसा रहा मुकाबला

महिला वर्ग में इटली की जैसमीन पाओलिनी ने जियोवान्नि एम पेरिकार्ड को 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से हराया। एलेना रिबाकिना को अगले दौर में जगह मिल गई जब उनकी प्रतिद्वंद्वी अन्ना कालिंस्काया ने कलाई की चोट के कारण कोर्ट छोड़ दिया। अब उनका सामना एलिना स्वितोलिना से होगा जिन्होंने वांग शिन्यु को 6-2, 6-1 से हराया। वहीं बारबरा क्रेइसिकोवा ने डेनियेले कोलिंगस को 7-5, 6-3 से और येलेना ओस्टापेंको ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-2, 6-3 से मात दी।

**एंडरसन खेलेंगे अपना आखिरी मुकाबला**

# इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट आज से



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 10 जुलाई से होने जा रहा है। पहला टेस्ट ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। यह इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का आखिरी टेस्ट मैच होगा। ऐसे में इंग्लैंड की टीम उन्हें जीत के साथ विदाई देना चाहेगी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स होंगे और वेस्टइंडीज की कमान क्रेग ब्रेथवेट संभालेंगे। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच होने वाला यह मैच 10 जुलाई से लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार शाम 3:30 बजे से शुरू होगा।



तीन टेस्ट मैचों की सीरीज, इंग्लैंड की कप्तानी स्टोक्स और वेस्टइंडीज की कमान संभालेंगे क्रेग ब्रेथवेट

### बराबरी का रहा है दोनों के बीच मुकाबला

वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट साल 1928 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 163 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान वेस्टइंडीज को 59 मैच में जीत मिली है और इंग्लैंड ने 51 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 53 मैच ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच 89 मुकाबले खेले गए हैं। इंग्लैंड की टीम को 36 में जीत मिली है। वेस्टइंडीज ने 31 मैच जीते हैं और 22 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

### तेंबा बावुमा की कप्तानी में टेस्ट सीरीज खेलेगा द.अफ्रीका

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 7 अगस्त से शुरू हो रही 2 मैच की टेस्ट सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके को पहली बार टीम का हिस्सा बनाया गया है। रयान रिकेल्टन की भी टीम में वापसी हुई हैं। तेंबा बावुमा टीम के कप्तान होंगे और मार्को यानसन को इस सीरीज से आराम दिया गया है।

### ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम

वेस्टइंडीज की टीम अभी इंग्लैंड के खिलाफ 10 जुलाई से टेस्ट सीरीज खेलने वाली है। इसके बाद वह इस सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा कर सकती है। ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीमः तेंबा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, नांद्रे बर्गर, गेराल्ड कोएट्जी, टोनी डी जोरजी, केशव महाराज, एडेन मार्करम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, डेन पैटरसन, डेन पीट, कगिसो रबाडा, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन और काइल वेरिन।

# नीदरलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाना चाहेगा इंग्लैंड

एजेंसी ▶▶ डोर्टमंड

इंग्लैंड बुधवार को यहां दूसरे सेमीफाइनल में जब नीदरलैंड से भिड़ेगा तो उसकी नजरें लगातार दूसरे यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के फाइनल में जगह बनाने पर टिकी होंगी।

पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा। फाइनल रविवार को होना है। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड और नीदरलैंड दोनों ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। इंग्लैंड ने निर्धारित और अतिरिक्त समय में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद स्विट्जरलैंड को पेनल्टी शूट आउट में हराया था जबकि नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया था। नीदरलैंड के खिलाफ हालांकि इंग्लैंड की राह आसान नहीं होगी। टूर्नामेंट में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक खेलने वाली टीमों में नीदरलैंड की रैंकिंग सबसे बेहतर है।



### इंग्लैंड टीम में गुही के स्थान को लेकर पशोपेश

इंग्लैंड ग्रुप चरण में सर्बिया, डेनमार्क और स्लोवेनिया के खिलाफ खेला था जबकि नॉकआउट मुकाबलों में उसकी भिड़ंत स्लोवाकिया और स्विट्जरलैंड के साथ हुई। इंग्लैंड अब तक बाएं छोर से कीरन ट्रिपर पर निर्भर रहा है जबकि स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच में ल्यूक शॉ फरवरी में चोटिल होने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच में उतरे। इंग्लैंड के मैनेजर गैरेथ साउथगेट को फैसला करना होगा कि वह पिछले मैच में निलंबित मार्क गुही की जगह खेले एजरी कोन्सा को फिर मौका देते हैं या फिर गुही का निलंबन खत्म होने के बाद उनकी वापसी कराते हैं।

**तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 1-1 से बराबर की**

# भारत ने अफ्रीका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



पूजा वस्त्राकर और राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने तीसरे और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 55 गेंद शेष रहते हुए 10 विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। तेज गेंदबाज वस्त्राकर (13 रन पर चार विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए चार जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा (छह रन पर तीन विकेट) ने तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 17.1 ओवर में 84 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 10.5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 88 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। स्मृति मंधाना 40 गेंद पर 54 रन और शेफाली वर्मा 25 गेंद पर 27 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका ने पहला मैच 12 रन से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया था। भारत ने इससे पहले वनडे श्रृंखला में 3-0 से जीत दर्ज करने के अलावा एकमात्र टेस्ट मैच भी अपने नाम किया था। मंधाना ने अयोबांगा खाका पर दो चौके लगाकर शुरुआत की। इसके बाद दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने सहजता से रन बटोरे। भारत में पावर प्ले में 40 रन बनाए। इसके बाद मंधाना दक्षिण अफ्रीका की गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी हो गई। मंधाना ने नेदिन डि क्लर्क पर दो चौके और विजयी छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में 8 चौके और दो छक्के लगाए। शेफाली ने अपनी पारी में तीन चौके लगाए। जब वह 24 रन पर थी तब उन्हें जीवनदान भी मिला। इससे पहले भारत की तरफ से वस्त्राकर और राधा के अलावा अरुंधति रेड्डी (14 रन पर एक विकेट), श्रेयंका पाटिल (19 रन पर एक विकेट) और दीप्ति शर्मा (20 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से सलामी बल्लेबाज तेजमिन ब्रिट्स (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाई। भारत ने टॉस जीतकर अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद टीम ने कप्तान लॉरा वोलवार्ट (09) और मारिजेन कैप (10) के विकेट गंवाकर पावर प्ले में 39 रन जोड़े।

## चिंतन

# रूस को भारत का युद्ध छोड़ शांति का संदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दो दिवसीय रूस दौरे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के दौरान मंझे हुए कूटनीतिज्ञ राजनेता की तरह बात की है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से बहुत सहजता से कहा कि बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती और किसी संघर्ष का कोई समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है। पीएम ने यह बात यूक्रेन से युद्ध के संदर्भ में कही है। रूस को भारत का संदेश साफ है कि युद्ध बंद कीजिए, वार्ता से मसले सुलझाइए। अब अगर रूस युद्ध समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं तो यह भारत की बड़ी कूटनीतिक सफलता होगी। कुछेक दिन पहले रूसी राष्ट्रपति ने युद्ध खत्म करने की सशर्त इच्छा जताई थी। अमेरिका व यूरोप की अपेक्षा रही है कि भारत रूस से बात कर युद्ध खत्म करने के लिए पुतिन को राजी करे। इस अपेक्षा के अनुरूप ही भारत रूस व यूक्रेन से पहले भी अपील कर चुका है कि यह युद्ध का दौर नहीं है, वार्ता से ही मसले सुलझाए जा सकते हैं। हालांकि रूस व यूक्रेन वार्ता टेबल पर नहीं आए, युद्ध तीसरे वर्ष में है। इसका बड़ा कारण है कि अमेरिका व नाटो से जुड़े यूरोपीय देशों ने कभी भी यूक्रेन को युद्ध खत्म करने के लिए नहीं मनाया। अमेरिका व नाटो देश यूक्रेन की मदद कर रहे हैं और यूक्रेन के कंधे से रूस को साधने की चेष्टा कर रहे हैं। अमेरिकी जिद के बरक्स रूस ने पश्चिम के बिना सर्वाइव का साधन खोज लिया है। इस प्रयास में रूस के लिए चीन व भारत बड़ा मददगार साबित हुए हैं। अभी एक दिन पहले ही चीन ने रूस व यूक्रेन संग युद्ध खत्म कराने के लिए वार्ता पर जोर देते हुए सहमति से मध्यस्थता की पेशकश की है। हालांकि इस पर रूस व यूक्रेन की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। अमेरिकी व्हाइट हाउस ने भारत से अपील की है कि रूस के साथ वार्ता में युद्ध के मुद्दे पर चर्चा हो और राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान हो। अमेरिका की मंशा साफ है कि रूस यूक्रेन से जंग खत्म कर चले जाएं और यूक्रेन की पूर्व स्थिति रहे। रूस ने जंग के बाद यूक्रेन के कुछेक भूभाग पर कब्जा जमा लिया है। पीएम मोदी के इस रूस दौरे पर जहां चीन की नजर है, वहीं अमेरिका व यूरोप की भी निगाहें हैं। चीनी सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने मोदी के रूस दौरे को तटस्थ व संतुलित विदेश नीति के तौर पर उद्धृत किया है, तो अमेरिका मीडिया ने भी इसे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति के रूप में देखा है। अमेरिकी थिंकटैंक की भाषा में थोड़ी तल्खी है, लेकिन पश्चिम खेमे के दबाव से इतर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के लिए भारत की सराहना भी है। पीमए की रूस यात्रा ऐसे समय हुई है, जब चीन पर रूस की निर्भरता बढ़ी है। अभी भारत को लेकर चीन की भाषा भी मर्यादित है। इस दौरे पर राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल से सम्मानित कर भारत से रूस की गहरी दोस्ती का परिचय दिया और चीन, अमेरिका व यूरोप को संदेश दिया। ऊर्जा, असैन्य परमाणु, डिफेंस, अस्त्र-शस्त्र आदि क्षेत्र में भारत व रूस के बीच सहयोग और मजबूत होंगे। भारत ने रूस के सामने ग्लोबल आतंकवाद के खतरों का मुद्दा भी उठाया। रूसी सेना में भारतीय जवानों के लड़ने का लड़ने का मुद्दा भी उठा, अब रूस भारतीय की भर्ती अपनी सेना में नहीं करेगा। भारतीय समुदाय के साथ भी पीएम ने जोशीले संवाद किया। पीएम ने रूस को सुख-दुख का साथी बता कर भारत के लिए रूस की अहमियत को रेखांकित कर दिया है। भारत-रूस विश्व में नई भूमिका निभाने को तैयार है।



बजट उम्मीद
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बजट के ऐतिहासिक होने की आस

23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

इन दिनों पूरे देश की निगाहें 23 जुलाई को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट की ओर लगी हुई। उम्मीद की जा रही है कि यह बजट विकास और सुधारों से सजा हुआ ऐतिहासिक बजट होगा। इस बजट को तैयार करने के मद्देनजर वित्तमंत्री सीतारमण ने 19 जून से 5 जुलाई तक उद्योग-कारोबार, श्रम, कृषि, एमएसएमई, टैक्सेशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, उपभोक्ता, आधारभूत ढांचा, वित्त क्षेत्र सहित बजट से संबंधित विभिन्न पक्षों के साथ बजट पूर्व व्यापक परामर्श बैठकें आयोजित की हैं।

गौरतलब है कि गत 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोक सभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल में वर्ष 2024-25 का बजट ऐतिहासिक होगा और इसमें आर्थिक तथा सामाजिक मोर्चे पर बड़े ऐलान किए जाएंगे। इस बजट से सरकार सुधारों की प्रक्रिया को और तेज करेगी। यह बजट नई गठबंधन सरकार की नीतियों और भविष्य के दृष्टिकोण के लिहाज से बहुत ही प्रभावी दस्तावेज होगा। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश में विभिन्न सुधारों से भारतीय बैंकिंग विश्व के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में शुमार हो गई है। टैक्स संग्रहण ऊंचाई पर है। गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों से इन वर्गों का उत्थान हुआ है। मुर्मू ने कहा कि पिछले दस वर्षों में सरकार के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म ने भारत को विश्व की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाया है और भारत ने 2021 से 2024 के बीच 8 प्रतिशत सालाना की दर से वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि नए बजट के माध्यम से अटके पड़े सुधारों, वित्तीय व श्रम सुधारों को आगे बढ़ाया जाएगा, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, वैश्विक बाजार में भारतीय खाद्यान्नों की मांग बढ़ाने, किसानों की आय बढ़ाने तथा रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने के बड़े कदम आगे बढ़ाए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष एक फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किया गया वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट एक लेखानुदान की तरह था तथा इसमें कोई लोक लुभावन योजना नहीं थी। ऐसे में इस अंतरिम बजट ने 23 जुलाई को प्रस्तुत किए जाने वाले वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट के लिए अच्छे आर्थिक और वित्तीय आधारों की विरासत सौंपी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पूर्ण बजट 2024-25 की तैयारी को अंतिम रूप देते समय वित्तमंत्री सीतारमण के पास अच्छे व ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के कई मजबूत आधार हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा वित्त मंत्रालय को 2.11 लाख करोड़ रुपये का भारी भरकम लाभांश सौंपा गया है, वह भी नए बजट का मजबूत आधार होगा। इस लाभांश से सरकार को राजकोषीय सहायता मिलेगी और व्यय अपेक्षाओं का प्रबंधन होगा। आयकर परिदृश्य पर सकारात्मक बदलाव होने का अनुकूल परिदृश्य मौजूद है। पिछले 10 वर्षों में आयकरदाताओं की संख्या और



आयकर की प्राप्ति में छलांगें लगाकर वृद्धि हुई है। आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8 करोड़ के स्तर को पार कर चुका हैं। जहां पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने से भी अधिक हुए हैं, वहीं, आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्तमंत्री की मुठ्ठियों में देश में कर सुधारों से आयकरदाताओं और आयकर संग्रहण के साथ-साथ जीएसटी में लक्ष्य से भी अधिक वृद्धि की बड़ी अनुकूलताएं है। इसके अलावा पिछले वर्षों में वित्तमंत्री सीतारमण वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए अब तक राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक उपयुक्त रूप से नियंत्रित रखते हुए सफलतापूर्वक आगे बढ़ी हैं।

निःसंदेह नया बजट 2024-25 गरीब, युवा, महिलाएं और किसानों के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर केंद्रित होते हुए दिखाई दे सकता है। नए बजट में वित्तमंत्री वृद्धि और रोजगार पर फोकस करते हुए दिखाई दे सकती हैं। किसान सम्मान निधि सालाना 6000 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये की जा सकती है। कृषि, ग्रामीण विकास, सिंचाई वेयरहाउसिंग को प्रोत्साहन नए बजट में बढ़ाएं जा सकते हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को प्रोत्साहनमूलक राहत दी जा सकती है। जहां विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी करने के लिए सरकार नए बजट से पीएलआई योजना का दायरा बढ़ाते हुए इसे नए क्षेत्रों तक विस्तृत कर सकती हैं और श्रम साध्य क्षेत्रों में नई नौकरियों के सृजन के पथ पर आगे बढ़ सकती हैं, वहीं रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को भी प्रोत्साहनमूलक राहत दे सकती हैं। नए बजट में देश में डिजिटल क्रांति को बढ़ाने से संबंधित मोबाइल सेवा प्रदाताओं सहित विभिन्न उत्पादों, बुनियादी ढांचा क्षेत्र के लिए अधिक पूंजीगत व्यय के प्रावधान भी दिखाई दे सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों वेतनभोगी (सेलरिड) वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाता और मध्यम वर्ग के लोग यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि पिछले विभिन्न बजटों में उन्हें टैक्स संबंधी कोई उपयुक्त राहत नहीं मिली है। साथ ही अब महंगाई वृद्धि और उनके बढ़ते जरूरी खर्चों के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। वित्तमंत्री नए बजट में खपत को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के उपाय भी कर सकती हैं, जिसमें कर राहत के उपाय भी शामिल हैं। ऐसे में नए बजट में आयकर के पुराने तथा नए स्लैब दोनों के तहत छोटे आयकरदाताओं को राहत के प्रावधानों का ऐलान किया जा सकता है। निःसंदेह वेतनभोगी वर्ग के द्वारा नए बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वेतनभोगी वर्ग के द्वारा दिया गया कुल आयकर पेशेवरों और कारोबारी करदाताओं के वर्ग द्वारा चुकाए गए कुल आयकर से काफी अधिक होता है। वेतनभोगी करदाताओं के कर की कटौती अर्जित आय पर की जाती है। इसे टीडीएस के रूप में जाना जाता है। टीडीएस के कारण वेतनभोगी ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है। ऐसे में टीडीएस की वर्तमान 50,000 रुपये की सीमा बढ़ाकर 75,000 रुपये की जा सकता है।

हम उम्मीद करें कि 23 जुलाई को वित्तमंत्री सीतारमण के द्वारा पेश होने वाला वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट आर्थिक सुधारों, आर्थिक कल्याण और तेज विकास के आधारों के आगे बढ़ाने वाला एक ऐतिहासिक बजट होगा। यह एक ऐसा बजट भी होगा, जिसमें वित्तमंत्री 2024-25 के तहत राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.1 फीसदी और 2025-26 में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगी। साथ ही वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट भारत को 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था तथा वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित देश बनने के सपने को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ाने वाला बजट भी होगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## भविष्य
शिशिर शुक्ला



# अंतरिक्ष में डाटा की सुरक्षा

हाल ही में यूरोप की कंपनी एसेंड ने 21 लाख डॉलर खर्च करके एक अध्ययन किया और यह निष्कर्ष निकाला है कि भविष्य में बढ़ते हुए डाटा को सुरक्षित रखने के लिए अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम खोलने पर विचार करना पड़ेगा। इस योजना के पीछे कारण यह बताया गया है कि भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू पर इस कदर हावी हो जाएगी कि अथाह मात्रा में उत्पन्न होने वाले अपने उपयोगी डाटा को सुरक्षित रख पाना हमारे लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा। तकरीबन 16 महीने तक इस मुद्दे पर हुए अध्ययन के बाद नतीजा यह निकला है कि इस चुनौती से निपटने के लिए पृथ्वी से 1400 किलोमीटर दूर अंतरिक्ष में डाटा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यूरोपीय कंपनी एसेंड के अनुसार अंतरिक्ष में वर्ष 2036 तक ऐसे 13 डाटा सेंटर खोले जाएंगे जिनकी क्षमता लगभग 10 मेगावाट होगी। प्रत्येक डाटा केंद्र की सतह का क्षेत्रफल 6300 वर्ग मीटर होगा। इतना ही नहीं, वर्ष 2050 तक ऐसे 1300 डाटा सेंटर स्थापित किए जाने की योजना बनाई जा रही है। एक अन्य विशेष बात यह है कि ये डाटा सेंटर सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। देखा जाए तो आज हमारे जीवन में डिजिटलीकरण ने पूर्णतया अपना दखल स्थापित कर लिया है। सुबह जागने से लेकर रात में सोने तक हम पूर्णरूपेण डिजिटल तकनीकी की गिरफ्त में जकड़े हुए हैं। कारण यह है कि डिजिटलीकरण ने हमारे जीवन में क्रांतिकारी बदलाव करते हुए अनेक सुविधाओं का समावेश भी किया है। इन सुविधाओं में सबसे महत्वपूर्ण बिंदु जिसका जिक्र करना उचित होगा, वो है समय की बचत। निस्संदेह डिजिटलीकरण ने प्रत्येक क्षेत्र में हमारे लिए समय की बचत करने में एक अभूतपूर्व योगदान दिया है, किंतु डिजिटल तकनीकी के कुछ पार्श्व प्रभाव भी उभरकर सामने आए हैं, जो कहीं न कहीं हमारे जीवन पर ही असर डाल रहे हैं अथवा भविष्य में गंभीर असर डालने वाले हैं। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में प्रतिदिन लगभग 402.74 मिलियन टेराबाइट डाटा पैदा हो रहा है। इसके साथ ही यह भी निश्चित है कि समय के साथ प्रतिदिन पैदा होने वाले इस डाटा की मात्रा में निरंतर बढ़ोतरी होती जाएगी। स्वाभाविक सी बात है कि जब अपने पास कीमती सामान ज्यादा हो तो उसकी सुरक्षा को लेकर मन में सवाल उठेगा ही। डाटा के उत्पन्न होने से लेकर डाटा की सुरक्षा तक प्रत्येक कार्य में ऊर्जा का खर्च होना ही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार पृथ्वी के डाटा सेंटरों पर वर्ष 2026 तक प्रति घंटा एक हजार टेरावॉट बिजली की खपत होगी। इतनी बड़ी मात्रा में ऊर्जा की खपत होने से हम शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को किसी भी दशा में हासिल नहीं कर पाएंगे। यूरोपीय कमीशन के सहयोग से किए गए इस शोध का मुख्य लक्ष्य भी भविष्य में पृथ्वी को अनावश्यक ऊर्जा खपत से बचाते हुए कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने की अवधारणा पर ही आधारित है। चूंकि अंतरिक्ष में सूर्य ही एकमात्र ऊर्जा का स्त्रोत होगा, लिहाजा अंतरिक्ष में डाटा सुरक्षा के लिए हम सौर ऊर्जा पर ही निर्भर होंगे। डेनमार्क के डाटा सेंटर इंडस्ट्री एसोसिएशन के अनुसार भविष्य में दुनिया के सामने डाटा सुनामी का दौर आने वाला है। पृथ्वी पर एक बड़ी मात्रा में डाटा उत्पादित होगा और उस डाटा की सुरक्षा के लिए एक बड़ी मात्रा में बिजली और पानी की आवश्यकता होगी। नतीजा यह होगा कि बिजली एवं पानी जो धीरे धीरे संकट के दायरे में आने के कगार पर हैं और अधिक तीव्र गति से इस ओर बढ़ जाएंगे। ऐसी दशा में बहुमूल्य डाटा की सुरक्षा कर पाना नितांत मुश्किल होगा। अगर भारत की बात की जाए तो भारत में प्रतिदिन 1.145 ट्रिलियन मेगाबाइट डाटा उत्पन्न हो रहा है। इस हिसाब से वर्ष 2028 तक भारत को 3.6 गीगावाट क्षमता वाले डाटा सेंटर की जरूरत होगी। भारत में मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई, ये चारों डाटा सेंटर के मुख्य हब हैं। भारत के लगभग 90 फीसदी डाटा सेंटर इन्हीं चार महानगरों में हैं। समस्या का अंदाजा हम इसी से लगा सकते हैं कि हम अपने मोबाइल फोन में प्रतिदिन 1.5 गीगाबाइट अथवा 2 गीगाबाइट डाटा प्रदान करने वाले प्लान का रिचार्ज करते हैं। इस हिसाब से हम लगभग 60 गीगाबाइट डाटा प्रतिमाह खर्च करते हैं। अगर औसतन बात की जाए, तो एक भारतीय प्रतिमाह 19 गीगाबाइट डाटा का उपभोग कर रहा है। यहां पर एक अन्य बात का उल्लेख करना उचित होगा कि जनसंख्या वृद्धि की द्रुत दर भी किसी से छिपी नहीं है। जाहिर सी बात है कि जनसंख्या अगर इसी दर से बढ़ती रही तो डाटा उपभोग की मात्रा भी उतनी ही तेज गति से बढ़ेगी। पृथ्वी पर डाटा के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए भविष्य में दुनिया के सभी देशों को अंतरिक्ष में डिजिटल गोदाम बनाने के विकल्पों पर विचार करना ही पड़ेगा और साथ ही ऊर्जा के स्वच्छतम विकल्प सौर ऊर्जा पर केंद्रित रहते हुए चुनौतियों से निपटने का प्रयास करना होगा।

(लेखक स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय में भौतिकी के विभागाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
**दर्शन**

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# सत्कर्मों में सदैव आस्था रखें



संकलित
**प्रेरणा**

एक नदी के तट पर एक शिव मंदिर था, एक पंडितजी और एक चोर प्रतिदिन अपनी-अपनी आस्था के अनुरूप मंदिर आया करते थे। जहां पंडितजी फल फूल, दूध चंदन आदि से प्रतिदिन शिवजी की पूजा करते। वहीं वह चोर रोज भगवान को खरी-खोटी सुनाता और अपने भाग्य को कोसता रहता। एक दिन पंडितजी और चोर एक साथ मंदिर से बाहर निकले। निकलते ही चोर को स्वर्णमुद्राओं से भरी एक थैली मिल गई, जबकि ठीक उसी समय पंडितजी के पैर में एक कील घुस गई। चोर स्वर्ण मुद्राओं से भरे थैले को पाकर अत्यंत प्रसन्न था, जबकि पंडितजी पीड़ा से परेशान थे, लेकिन पंडितजी को कील की पीड़ा से अधिक इस बात का कष्ट था कि मेरे पूजा पाठ करने के बाद भी बदले में भगवान ने मुझे कष्ट दिया, जबकि इस चोर के कुकर्मों के बदले में उसे स्वर्णमुद्राओं के रूप में पुरस्कार मिला। तब मंदिर से आवाज आई- हे पंडित! आज तुम्हारे साथ एक बड़ी दुर्घटना होने वाली थी, लेकिन तुम्हारे सत्कर्मों के कारण तुम केवल कील लगने की पीड़ा पाकर ही मुक्त हो गए। इस चोर के भाग्य में आज अपार धन संपत्ति प्राप्ति का योग था, लेकिन अपने कुकर्मों के कारण उसे केवल कुछ मुद्राएं ही मिली हैं। अच्छे कर्म से ही मनुष्य का भविष्य एवं भाग्य बनता बिगड़ता है, इसलिए सदैव सत्कर्मों में आस्था बनाए रखना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी क्यों

बारिश न हो तो सूखे के कारण सब्जियों के दाम में वृद्धि हो जाती है और अगर बारिश हो जाए तो भी सब्जियों के खराब होने के कारण दाम बढ़ जाते हैं। लेकिन इसका क्या हल निकाला जाए, यह शायद कोई नहीं सोचता है। देश में उगाई जाने वाली खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को देखकर तो यह लगने लगा है कि यह कहीं दूर विदेशों से आई हैं। देश के कुछ राज्यों में आजकल टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। यह किसी एक सब्जी की आसमान छूती कीमत की बात नहीं है। कभी प्याज तो कभी अन्य सब्जियों के मूल्य आसमान छू जाते हैं। कृषि प्रधान देश में सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और फिर भी किसानों की दयनीय दशा सचमुच शर्मनाक है। सब्जियों की कीमतों को नियंत्रित किया जाना चाहिए। *- प्रकाश जैन, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# नाटो में सबसे कम योगदान देने वाला देश बना कनाडा

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में आयोजित हो रहे नाटो शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर एक प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन ने कहा कि कनाडा 32 सदस्यीय इस सैन्य गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। प्रमुख अमेरिकी मीडिया संगठन 'पॉलिटिको' ने कहा, 'पिछले कई वर्षों में ओटावा 32 सदस्यीय गठबंधन में सबसे कम योगदान देने वाले देशों में से एक बन गया है। वह घरेलू सैन्य खर्च के लक्ष्यों को पूरा करने में नाकाम रहा है, नए उपकरण खरीदने के लिए वित्त पोषण देने में नाकाम रहा है और उसके पास इस संबंध में कोई योजना भी नहीं है।' कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो इस साल के उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए वाशिंगटन पहुंच गए हैं जिसकी औपचारिक शुरुआत आज होगी। ट्रुडो के कार्यालय ने बताया कि यहां बैठकों के दौरान वह पूरे यूरोप में नाटो के सामूहिक रक्षा प्रयासों में कनाडा के योगदानों पर प्रकाश डालेंगे। 'पॉलिटिको' ने कहा कि नाटो के 12 संस्थापक सदस्यों में से एक कनाडा ने रक्षा पर दो प्रतिशत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) खर्च करने के संकल्प पर 2014 में हस्ताक्षर किए थे।



## ऑफ बीट


# पृथ्वी के गर्म होने पर तूफानों में कैसे बदलाव आएंगे

जब एक जुलाई को तूफान बेरिल ने ग्रेनेडाइन द्वीप समूह पर हमला किया, तो इसकी 150 मील प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं और भयानक तूफान ने इसे उष्णकटिबंधीय अटलांटिक में आएं श्रेणी 5 का तूफान (सैफिर-सिम्पसन तूफान पवन पैमाने पर सबसे विनाशकारी ग्रेड) बना दिया। 2024 में सक्रिय तूफान के मौसम की भविष्यवाणी काफी पहले ही कर दी गई थी। हालाँकि, जिस गति से बेरिल तीव्र हुआ, उसने वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित कर दिया। यह तूफान केवल 24 घंटों में 70 मील प्रति घंटे की औसत हवाओं के साथ उष्णकटिबंधीय-तूफान की ताकत से 130 मील प्रति घंटे की हवाओं के साथ प्रमुख-तूफान की स्थिति में पहुंच गया। अल्बानी यूनिवर्सिटी, स्टेट यूनिवर्सिटी आफ न्यूयार्क में वायुमंडलीय विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर ब्रायन टैंग कहते हैं, 'बेरिल जून की बजाय तूफान के मौसम में आने वाला विशिष्ट तूफान है, और इसकी तीव्रता और ताकत असामान्य रूप से गर्म पानी के कारण होती है।' जैसे-जैसे रिकॉर्ड जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के कारण दुनिया तेजी से गर्म हो रही है, शोध से पता चलता है कि अभी और भी अप्रिय आश्चर्य आने वाले हैं।



## ट्रेंड

### शिक्षा सामूहिक जिम्मेदारी



एनईपी का संपूर्ण कार्यान्वयन, प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर सीखने के परिणामों में सुधार भारत को एक ज्ञान महाशक्ति में बदलने और समान और समावेशी पहुंच को सक्षम करने के लिए केंद्रीय है। जड़युक्त, भविष्यवादी, बहुभाषी और 21वीं सदी की शिक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### समाधान का रास्ता



जैसे ही मैंने मध्य एशिया की अपनी यात्रा समाप्त की, मैं पूरे क्षेत्र में मिली एकजुटता की भावना से प्रोत्साहित होकर निकला। बिखरी हुई दुनिया में, यह खुशी की बात है कि मध्य एशिया अलग रास्ता चुन रहा है- सहयोग और सामान्य समाधान का रास्ता।
-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### मन से आत्मा की ओर मुड़ें



परमात्मा संपूर्ण ब्रह्मांड में व्याप्त और मार्गदर्शन करने वाली मार्गदर्शक चेतना है। अहं-मन भौतिक स्तर पर उस आंतरिक प्रकाश का एक सीमित प्रतिबिंब है। जब तक हम मन से आत्मा की ओर नहीं मुड़ते, हम नहीं जान पाएंगे कि हम कौन हैं या अस्तित्व का अर्थ क्या है।
-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### आश्चर्यजनक प्रतिभा



पृथ्वी पर क्या चल रहा है? पिछले दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार, भारतीय मूल की एक युवा महिला ने मंच पर धूम मचाई है। प्रतिभा जो बिल्कुल आश्चर्यजनक है। संगीत की स्वदेशी अमेरिकी शैलियों में अर्जित कौशल के साथ। रॉक एंड गॉस्पेल।
-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी द्वारा दायर ताजा आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने 12 जुलाई के लिए प्रोडक्शन वारंट भी जारी किया है। उत्पाद शुल्क नीति के संबंध में सातवें पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए ईडी द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के लिए प्रोडक्शन वारंट जारी किया।

### अब बंगाल में लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एक और लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे साझा कर ममतासरकार पर हमला बोला है। उन्होंने उनकी पार्टी टीएमसी का मतलब ' तालिबानी मुझे चाहिए' बताया है। लड़की की पिटाई का वीडियो वायरल पर टीमसी ने कहा कि यह वीडियो 2011 का है और दो आरोपी जेल में है। वह पुरुष हो सकता है।

### 14 दवाओं के लाइसेंस रद होने के बाद बिक्री रोकी



**देहरादून।** योग गुरु बाबा रामदेव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी आयुर्वेदिक प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट को जानकारी दी कि उसने उन 14 उत्पादों की बिक्री पर रोक लगा दी है, जिनके विनिर्माण लाइसेंस को उत्तराखंड की सरकार ने निलंबित कर दिया था। अब बाबा रामदेव ने सफाई देते हुए कहा कि इनकी ब्रिक्री को रोक दिया गया है।

### कठुआ में दोहराई रियासी हमले की थ्योरी, सेना जमकर ले रही आतंकियों से लोहा

# तब ड्राइवर को टारगेट कर बस खाई में गिराने का प्लान था, अब सेना का ट्रक गिराने की थी योजना

## एक तरफ पहाड़ी और दूसरी तरफ थी गहरी खाई

**हेलीकॉप्टर, स्निफर डॉग्स, और ड्रोन से आतंकियों की तलाश जारी**

एजेंसी ▶▶ कठुआ

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को आतंकियों के हमले में जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) समेत 5 जवान शहीद हो गए थे। सेना के सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षाबल दो ट्रकों में कठुआ से करीब 123 किलोमीटर दूर लोहाई मल्हार ब्लॉक के माछेड़ी इलाके के बडनोटा में दोपहर 3.30 बजे पहाड़ी इलाके में पेट्रोलिंग के लिए निकले थे। रास्ता कच्चा था, गाड़ी की रफ्तार भी धीमी थी। एक तरफ ऊंची पहाड़ी और दूसरी तरफ खाई थी।आतंकियों ने पहाड़ी से घात लगाकर सेना के ट्रक पर पहले ग्रेनेड फेंका, फिर स्नाइपर गन से फायरिंग की। सेना ने भी काउंटर फायरिंग की, लेकिन आतंकी जंगल में भाग गए। फिलहाल सेना, आतंकियों की तलाश में हेलीकॉप्टर, स्निफर डॉग्स, और ड्रोन की मदद ले रही है।

### हमले में तीन से चार आतंकी थे शामिल

हमले में 3 से 4 आतंकियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। वे एडवांस हथियारों से लैस हैं। ये आतंकी हाल ही में सीमा पार से घुसपैठ करके आए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आतंकियों को हमले में लोकल गाइड ने भी मदद पहुंचाई है। उन्होंने आतंकियों को खाना और हमले के बाद छिपने में भी मदद की।

### कश्मीर टाइगर्स ने ली हमले की जिम्मेदारी

हमले की जिम्मेदारी कश्मीर टाइगर्स नाम के आतंकी संगठन ने ली है। यह संगठन प्रतिबंधित पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ही एक शाखा है। संगठन की ओर से सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा गया कि यह हमला 26 जून को डोडा में मारे गए 3 आतंकियों की मौत का बदला है। साथ ही बताया कि आतंकियों ने हमला हैंड ग्रेनेड और स्नाइपर गन से किया। केटी -213 ने एक पोस्ट में लिखा- 'कठुआ के बडनोटा में भारतीय सेना पर हैंड ग्रेनेड और स्नाइपर गन से हमला किया है। यह डोडा में मारे गए 3 मुजाहिदीन की मौत का बदला है। जल्द ही और ज्यादा हमले किए जाएंगे। ये लड़ाई कश्मीर की आजादी तक चलती रहेगी।'



### 10 मिनट पहले वहां से गुजरी थी एक बस

घटनास्थल से कुछ मीटर की दूरी पर दुकान चलाने वाले पूरन चंद शर्मा ने बताया- हमले से करीब 10 मिनट पहले एक बस सड़क से गुजरी थी। हमने एक जोरदार धमाका सुना। हमें लगा जैसे किसी गाड़ी का पहिया ब्लास्ट हुआ हो। कुछ देर बाद हुई भारी गोलीबारी से लगा कि एनकाउंटर चल रहा है। शाम 5 बजे तक भारी गोलीबारी हुई। उसके बाद एक घंटे तक रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। शर्मा ने बताया- मेरी दुकान पर करीब 12 ग्रामीण थे। गोलीबारी में फंसने से बचने के लिए हम अंदर छिप गए। गोलीबारी बंद होने के बाद हम हताहतों को निकालने में मदद करने के लिए दौड़े। एक अन्य स्थानीय विजय कुमार ने कहा बताया- आतंकवादी उस बस में सवार होकर आए होंगे, जो गोली चलने से कुछ देर पहले ही वहां से गुजरी थी।

### 9 जून के हमले को चाहते थे दोहराना

9 जून को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार शपथ ले रहे थे। उसी समय जम्मू के रियासी से खबर आई कि आतंकियों ने श्रद्धालुओं की बस पर फायरिंग कर दी है। फायरिंग में ड्राइवर को टारगेट किया गया। इसकी वजह से बस बेकाबू होकर गहरी खाई में जा गिरी। 9 यात्रियों की मौत हुई, जबकि 42 लोग घायल हो गए। 8 जुलाई को कठुआ में भी आतंकियों ने हमले की यही थ्योरी अपनाई। आतंकियों ने ऊंची पहाड़ियों से सेना के ट्रक पर हमला किया। टारगेट ड्राइवर को किया। हालांकि, खराब सड़क की वजह से ट्रक 10 से 15 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार में था, इसलिए खाई में नहीं गिरा। इसके बाद आतंकियों की फायरिंग में 5 जवान शहीद हुए और 5 घायल हो गए।

### पहाड़ी रास्तों पर हिंसा के निशान दे रहे सैनिकों की बहादुरी के सबूत

**मछेड़ी (जम्मू-कश्मीर)।** सेना के गश्ती दल पर घात लगाकर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के एक दिन बाद मंगलवार को पेड़ों और पहाड़ी से घिरी सड़क पर खून के धब्बे, बिखरे हुए हेलमेट, गोलियों के खोखे, चकनाचूर शीशे और पंचर टायर वाले वाहन घटना की विभीषका तो बयां कर रहे हैं, साथ ही जवानों द्वारा बहादुरी से किए गए मुकाबले और घंटों चली मुठभेड़ की भी गवाही दे रहे हैं। भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय कठुआ से लगभग 150 किलोमीटर दूर बदनोटा गांव के पास माछेड़ी-किंडली-मल्हार पहाड़ी मार्ग पर अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे दो सैन्य वाहनों पर ग्रेनेड फेंका और अंधाधुंध गोलीबारी की। हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए तथा पांच अन्य घायल हो गए। यह एक महीने में जम्मू संभाग में पांचवां आतंकवादी हमला था। कश्मीर घाटी की तुलना में अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में वृद्धि के लिए अधिकारियों ने आतंकियों के पाकिस्तानी आकाओं को जिम्मेदार ठहराया है जो क्षेत्र में आंतकवाद को फिर से भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। अधिकारियों ने घटना को याद करते हुए बताया कि सैनिकों ने हताहत होने के बावजूद साहस और दृढ़ता का परिचय दिया तथा कई घंटों तक आतंकवादियों का मुकाबला किया।



### आतंकी हमले के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई की जानी चाहिए : राष्ट्रपति मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जम्मू-कश्मीर में सेना के काफिले पर हुए आतंकवादी हमले को मंगलवार को 'कायराना हरकत' करार दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले की निंदा और कड़ी जवाबी कार्रवाई की जरूरत है। राष्ट्रपति मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मेरी संवेदनाएं उन बहादुरों के परिवारों के साथ हैं जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में अपना बलिदान दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।'' राष्ट्रपति ने कहा, '' जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सेना के जवानों के काफिले पर आतंकवादियों द्वारा किया गया हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य है जिसकी निंदा की जानी चाहिए और इसके लिए कठोर जवाबी कार्रवाई की जानी चाहिए।'' भाषा धीरज प्रशांत



### राजथान ने हमले पर दुख जताया, रक्षा सचिव बोले-बुरी ताकतों को हराएगा भारत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में पांच जवानों की मौत पर मंगलवार को 'गहरा दुख' व्यक्त किया। वहीं, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कहा कि कठुआ हमले में पांच जवानों की मौत का बदला लिया जाएगा और भारत इसके पीछे की बुरी ताकतों को हराएगा। राजनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, "कठुआ (जम्मू-कश्मीर) के बदनोटा में आतंकवादी हमले में हमारे पांच बहादुर सैनिकों की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है।" उन्होंने कहा, "शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, इस कठिन समय में राष्ट्र उनके साथ मजबूती से खड़ा है। आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। हमारे सैनिक क्षेत्र में शांति और व्यवस्था कायम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"



### कठुआ हमला चिंताजनक, प्रशासन को और सतर्क रहना चाहिए : उमर

नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकवादी हमले में पांच जवानों की मौत चिंताजनक है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर प्रशासन पर क्षेत्र में सुरक्षा स्थित को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया। सोमवार को कठुआ के बदनोटा इलाके में भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने एक गश्ती दल पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें पांच जवान मारे गए थे और कई घायल हो गए थे। हमले में शामिल आतंकवादियों की धड़पकड़ के लिए क्षेत्र में व्यापक तलाश अभियान जारी है। उमर ने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, "यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मुझे लगता है कि इस हमले की जितनी भी निंदा की जाए, उतनी कम है।

**शहीद की मां बोलीं- बंद हो अग्निवीर योजना**

## राहुल गांधी ने शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिजनों से मुलाकात की

**लखनऊ (उप्र) (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे, जहां उन्होंने कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। गांधी ने शहीद के परिवार को लखनऊ से मिलने के लिए बुलाया था। शहीद कैप्टन की मां मंजू सिंह ने राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कहा, "हम दुखी हैं कि हमारा बेटा हम सबको बीच मझधार में छोड़कर चला गया है, परिवार को उनकी जरूरत थी।" उन्होंने कहा "मैं यह दर्द पूरी जिंदगी लेकर जीना चाहती हूं और मैं चाहती हूं कि मुझे और दर्द हो ताकि मैं अपने बेटे को याद कर सकूं।" एक पदाधिकारी ने बताया कि नेता विपक्ष राहुल गांधी रायबरेली, उत्तर प्रदेश में शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के परिजनों से मुलाकात की।



### देश में दो तरह की फौज नहीं चाहिए

कैप्टन सिंह पिछले वर्ष जुलाई में भीषण आग से लोगों को बचाते समय शहीद हो गये थे । शहीद अंशुमान की मां ने कहा, "राहुल गांधी से मुलाकात में अग्निवीर को लेकर बात हुई। दो तरह की फौज नहीं होनी चाहिए। सरकार से उम्मीद है कि वह राहुल गांधी की बात सुनें और उस पर विचार करे।" मंजू ने कहा, ₹गांधी ने कहा कि उन्होंने सरकार से अग्निवीर योजना को समाप्त करने का अनुरोध किया है, जो सेना के लिए उचित नहीं है। देश हमारे साथ है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन खरावड़, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 9.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 04/CCR/2024-25 | 9991480086 xencivilubvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन आईडीसी, यूएचबीवीएन, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 15.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 05/CCR/2024-25 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | एमएएनडीटी लैब यूएचबीवीएन, सोनीपत हेतु मीटर टेस्टिंग हॉल का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 10.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 08/CCR/2024-25 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | एसई 'ओपी' वृत्त भवन, विद्युत सदन, पेहोवा चौक, कैथल में एल्यूमीनियम डोर्स का प्रावधान व फिक्सिंग, सैनीटरी वर्क, ड्रेन वर्क, शैड और अन्य सिविल कार्य का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 11.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 15/2024-25/HEWP | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | एक्सईएन 'ओपी' डिवी. यूएचबीवीएन, पुण्डरी के परिसरों में सार्वजनिक शौचालय, शैड, एल्यूमीनियम पार्टिशन, पीवीसी पैनलिंग और फॉल्स सीलिंग, पार्किंग और अन्य सिविल कार्यों का निर्माण। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 17.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 16/2024-25/HEWP | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 6 | यूएचबीवीएन | सेक्टर-3, करनाल के 33 केवी सब स्टेशन औद्योगिक क्षेत्र में स्विच हाउस बिल्डिंग (24.5'×23.75') का विस्तार। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 13.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDER NO - 17/2024-25/HEWP | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 7 | यूएचबीवीएन | इस डिवीजन के तहत औद्योगिक क्षेत्र, यमुनानगर के उपयोग हेतु आउटसोर्सिंग पॉलिसी के माध्यम से एक अदद शिकायत वाहन महिन्द्रा / टाटा फोर्स / पीछे की साइड से खुली कोई अन्य जीप को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 18.07.2024 | 6000/- प्रत्येक वाहन | www.uhbvn.org.in NIT No. 1/ODY/2024-25 Dated 18.07.2024 | 9315609711 xenopynr@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/140/27628/I/88/6 दि. 09.07.24


## दलाई लामा पर पॉक्सो के तहत कार्रवाई की मांग, याचिका रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दलाई लामा के खिलाफ एक सात वर्षीय लड़के से छेड़छाड़ करने के आरोप को लेकर दायर जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जनहित याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता और यह घटना पूर्व नियोजित नहीं थी। अदालत ने कहा घटना पूरी तरह से सार्वजनिक रूप से हुई है। इसमें ये पाया कि नाबालिग बच्चे ने ही दलाई लामा से मिलने और गले लगाने की इच्छा और इरादा व्यक्त किया था। अदालत ने कहा कि प्रतिवादी बच्चे को हंसाने की कोशिश कर रहा था और इसे तिब्बती संस्कृति के संदर्भ में देखा जाना चाहिए।


**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134154
(www.hssc.gov.in)

**घोषणा**

**विज्ञा. सं. 04/2015, श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु अंतरिम परिणाम**

एसएलपी (सी) नं. 3263/2023 में पारित माननीय सर्वोच्च न्यायालय आदेश दिनांक 22.04.2024 के अनुपालन में और दिनांक 01.01.2019 को घोषित अन्तिम परिणाम के अधिक्रमण में, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुरूप ही चयनित उम्मीदवारों के अंतरिम परिणाम को अन्तिम रूप दे दिया है। परिणाम श्रेणी-वार, योग्यता-वार और अनुक्रमांक-वार निम्नानुसार दर्शाया गया है :-

**विज्ञा. सं. 04/2015, श्रेणी सं. 16, पीजीटी संस्कृत (शेष हरियाणा) (कुल 626 पद)**

**एम.ए. संस्कृत, शिक्षा शास्त्री**

**सामान्य**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 41600254 | 41600382 | 41600454 | 41600622 | 41601090 |
| 41601385 | 41601565 | 41601631 | 41601798 | 41602188 |
| 41602441 | 41602677 | 41602708 | 41602861 | 41602968 |
| 41603594 | 41603777 | 41603826 | 41603845 | 41603956 |
| 41604216 | 41604679 | | | |

**एससी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 41600082 | 41601473 | 41602473 | 41602606 | 41602732 |
| 41603753 | 41604021 | 41604228 | 41604311 | 41604334 |
| 41604635 | 41604835 | 41605193 | 41605354 | 41605414 |
| 41605429 | | | | |

**बीसीए**

| | | |
|---|---|---|
| 41601583 | 41602614 | 41605375 |

**बीसीबी**

| | | |
|---|---|---|
| 41601302 | 41602624 | 41602650 |

**ओएच**

41602816

**चयन हेतु अपनाया गया मानदंड**

1) लिखित परीक्षा ........ 160 अंक
2) साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा ........ 24 अंक
3) अनुभव अंक ........ 16 अंक

कुल :- 200 अंक

1. सामान्य श्रेणी का 1 पद सीडब्ल्यूपी नं. 1213/2024 में रोक दिया गया है।
2. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
3. परिणाम एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।
4. अनुशंसा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के कोई आगे आदेश/निर्देश के अधीन होगी।

हस्ता/- सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

संवाद-1159/13/637/2025/27638/88/6 दि. 09.07.24 दिनांक : 09.07.2024


### आईआईटी जोधपुर ने हिंदी में बीटेक पाठ्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर ने मंगलवार को घोषणा की कि वह नए शैक्षणिक सत्र में बीटेक पाठ्यक्रम की पढ़ाई हिंदी में शुरू करेगा ताकि अंग्रेजी भाषा में दक्षता नहीं रखने वाले विद्यार्थियों की मदद की जा सके। ईआईटी- बीएचयू (काशी हिंदू विवि) पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान है जिसने हिंदी माध्यम में बीटेक की पढ़ाई शुरू की। आईआईटी जोधपुर ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया, "सीनेट की हाल में संपन्न हुई बैठक में हिंदी और अंग्रेजी में पाठ्यक्रमों को पढ़ाने की मंजूरी दी गई। सीनेट ने उल्लेख किया प्रौद्योगिकी, विज्ञान, मानविकी और प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी आईआईटी-जोधपुर से अपेक्षा की जाती है कि वह मातृ भाषा में शिक्षा प्रदान करे।

### 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर मतदान आज

**नई दिल्ली।** देश में अब अलग-अलग राज्यों की तेरह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। यहां आज बुधवार को मतदान है। इसमें बिहार और मप्र की एक-एक, बंगाल की 4, तमिलनाडु की 1, उत्तराखंड की 2, पंजाब की 1, हिमाचल की 3 सीटों पर मतदान होगा। इन सीटों पर उपचुनाव का नोटिफिकेशन 14 जून को जारी हुआ था। नामांकन की आखिरी तारीख 21 जून थी। अब 10 जुलाई को वोटिंग होनी है। इसके बाद 13 जुलाई को वोटिंग के नतीजे आएंगे। छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा विधानसभा उप चुनाव में बुधवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच में मतदान होगा। शांतिपूर्ण मतदान के लिए चुनाव आयोग ने सभी तरह के तैयारियां पूरी कर ली हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज झज्जर | 106.38 - गांव भापड़ोदा, ब्लॉक बहादुरगढ़ में मेन चारड़ा रोड से खरहर रोड (बुनोती तालाब के ऊपर) तक फिरनी का निर्माण। | 05.07.2024 15.07.2024 | 89.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | कैथल में राजौंद में राजकीय आईटीआई में सीसीटीवी कैमरे का प्रावधान + 4 कार्य। | 05.07.2024 11.07.2024 | 62.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.i |
| 3 | पंचायती राज कैथल | हबरी, उप स्वास्थ्य केन्द्र (हबरी) का निर्माण। | 05.07.2024 11.07.2024 | 46.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | रास्ता 6 - एमकेकेकेवाई स्कीम के तहत गांव भैणी चन्द्रपाल में मुरबा नं. 7, किला नं. 11 से मुरबा नं. 77 किला नं. 20 तक खेत रास्ता का निर्माण + 18 कार्य। | 05.07.2024 15.07.2024 | 731.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज महम, रोहतक | 22/02 गांव बेडवा (जैडपी) में पुस्तकालय का रखरखाव (जीपी)। | 05.07.2024 12.07.2024 | 2.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | सुनहेरी खालसा 12.20 - ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में अम्बेडकर भवन को पूरा करना + 13 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 103.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी | गांव हुई में कुए के निकट चौक में शैड का निर्माण कार्य + 4 कार्य। | 05.07.2024 12.07.2024 | 47.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | 37400/आर मोडाखेड़ा माइनर और 10600/टी तेलांवाली सब माइनर और आउटलेट आरडी 6000/एल पर वाटरकोर्स की भूमिगत पाइप लाइन बिछाना/लाइनिंग का विस्तार + 5 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 134.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662230030 xenawsdnhsr@gmail.com |
| 9 | लोनिवि भ व प सिरसा | हैड-5054 (डब्ल्यू.पी. 2024-25) (ग्रुप-3) (जीएसटी के बिना) के तहत रानियां निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में 4 अदद रोड को चौड़ा करना/मजबूतीकरण, आईपीबी/पीसी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. एचएसएएमबी से हस्तांतरित बनी से सुरेवाला कि.मी. 0 से 5.36 (रोड आईडी : 2535) तक रोड को चौड़ा करना/मजबूतीकरण/आईपीबी, 2. जीवन नगर करीवाला रोड से ढाणी हरिपुरा कि.मी. 0 से 0.04 और 0.40 से 0.85 (रोड आईडी : 5950) तक रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण/आईपीबी का प्रावधान, 3. जीवन नगर करीवाला से हरनी खुर्द कि.मी. 0 से 5.04 (रोड आईडी : 5927) तक रोड पर चौड़ा करना/ मजबूतीकरण/आईपीबी का प्रावधान, 4. जीवन नगर करीवाला से मिर्जापुर थेर कि.मी. 0 से 1.65 (रोड आईडी : 5951) पर मजबूतीकरण का प्रावधान। | 08.07.2024 18.07.2024 | 444.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में सेक्टर-1 और 4, हुडा से महाबीर कॉलोनी तक हिसार मेजर डिस्ट्रीब्यूटरी के साथ-साथ नये रोड का निर्माण (सी.एम. घोषणा सं. 13692) कि.मी. 1.850 कि.मी.। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 156.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466446125 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | नई बस्ती नलवी 867580.85 - गांव नई बस्ती नलवी ब्लॉक शाहाबाद में सैनी धर्मशाला सह हॉल का निर्माण स्कीम वीएएनजीवाई + 11 कार्य। | 09.08.2024 16.07.2024 | 72.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 12 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | स्टेशनरी मद-II की खरीद हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 13 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | स्टेशनरी मदें-I की खरीद हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 17.07.2024 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 14 | लोनिवि भ व प हिसार | एनएच-52 (पुराना एनएच-65) कि.मी. 158.150 से 162.540 की फोर लेनिंग (हिसार जिले में बरवाला कस्बे में एनएच का आंतरिक भाग) (स्ट्रीट लाइट्स का प्रावधान केवल) (बकाया कार्य) + 1 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 5.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 15 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा अम्बाला | अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष और जो अगली निविदाओं के अन्तिम निर्णय तक बढ़ाई जा सकती है, हेतु अम्बाला जिले में स्थित हरियाणा सरकार स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एंटी ट्यूबरक्यूलर औषधियों की खरीद हेतु ई-निविदा। | 13.07.2024 27.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 16 | पंचायती राज रोहतक | रास्ता 7 - गांव सिंघपुरा कलां, ब्लॉक रोहतक में डिग्गी से काहनौर डिस्ट्रीब्यूटरी तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 15 कार्य। | 08.07.2024 19.07.2024 | 784.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज अम्बाला | गांव नागला जाट्टान, ब्लॉक साहा में फिरनी से शमशान घाट तक आई/एल टाइल्स रास्ता का निर्माण। | 08.07.2024 15.07.2024 | 23.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज अम्बाला | गांव बदिंगा (जी.पी कुर्बानपुर) में कब्रिस्तान की चारदिवारी, शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव कुर्बानपुर में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव भारी में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव अमीपुर में शमशान घाट की चारदिवारी का निर्माण, गांव सखराओं, ब्लॉक अम्बाला-1 में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 6 कार्य। | 08.07.2024 15.07.2024 | 141.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | पंचायती राज सोनीपत | गांव संदल कलां निवादा, ब्लॉक सोनीपत में बाल्मिकी चौपाल का निर्माण + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.07.2024 | 70.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/380/27647/I/88/6 दि. 09.07.24

## खबर संक्षेप

### मुम्बई: बीएमडब्ल्यू केस में मुख्य आरोपी पकड़ा

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को कथित तौर पर टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया। शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटर सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया।

### फ्रांस के सांसद सरकार बनाने के लिए जुटे

**पेरिस (एपी)।** फ्रांस के नवनिर्वाचित सांसद मंगलवार को 'नेशनल असेंबली' में बातचीत के लिए जुटे, ताकि त्रिशंकु संसद बनने के बाद वे साथ मिलकर बहुमत वाली सरकार का गठन कर सकें। संसद के निचले सदन 'नेशनल असेंबली' के लिए हुए चुनाव में वामपंथी, मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी दलों में से किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को अपने प्रधानमंत्री गैब्रियल अट्टल से सरकार का दैनिक कामकाज संभालते रहने को कहा।

### शराब पीकर स्कूल वाहन चलाने में 23 पर केस

**बेंगलुरु (भाषा)।** बेंगलुरु यातायात पुलिस ने कथित तौर पर शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में 23 स्कूल वाहन चालकों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि विशेष अभियान के तहत सुबह सात बजे से नौ बजे तक 3016 स्कूल वाहनों की जांच की गई जिनमें से 23 वाहनों के चालक शराब पीकर वाहन चलाते मिले।

### हूती विद्रोहियों का खाड़ी में जहाज पर हमला

**दुबई (एपी)।** यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को अदन की खाड़ी में एक जहाज को कथित तौर पर निशाना बनाया। यह इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर हुआ नवीनतम हमला है जिसके लिए विद्रोही समूह को जिम्मेदार माना जा रहा है। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर' ने बताया कि जहाज के कप्तान ने ओमान की सीमा के नजदीक यमन के निश्तून तट के निकट जहाज के करीब धमाका होने की सूचना दी है।

### चीन में चालक रहित कार ने यात्री को उड़ाया

**बीजिंग (एपी)।** चीन में एक चालक रहित कार ने एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी तथा सोशल मीडिया पर लोग कार निर्माता का पक्ष ले रहे हैं क्योंकि व्यक्ति कथित तौर पर गाड़ियों के लिये हरी बत्ती होने के बावजूद सड़क पार कर रहा था। कार निर्माता दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी बायदू ने चीनी मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि हरी बत्ती होते ही कार चलने लगी।

पीएम संग चर्चा



नमन



### मोदी ने मास्को में 'अज्ञात सैनिक के मकबरे' पर श्रद्धांजलि अर्पित की

मॉस्को (भाषा) मोदी ने रूस की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को मास्को में 'अज्ञात सैनिक के मकबरे' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मोदी यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए हैं। उन्होंने समाधि पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बहादुरों को भावभीनी श्रद्धांजलि! मोदी ने मास्को में अज्ञात सैनिक के मकबरे पर पुष्पांजलि अर्पित की और वीरता, बलिदान और अदम्य मानवीय साहस को सलाम किया।'' यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की शुरुआत के बाद से मोदी की यह पहली रूस यात्रा है। 'अज्ञात सैनिक का मकबरा' मास्को में क्रेमलिन वाल पर स्थित एक युद्ध स्मारक है। इस स्मारक के सामने एक वर्गाकार मैदान में पांच कोण वाला तारा बना हुआ है और उसके केंद्र में अमर ज्योति जलती रहती है। यह वहां पर मौजूद कांस्य शिलालेख को रौशन करती है। यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सोवियत सैनिकों को समर्पित है। इससे पहले दिन में मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। भारत बदल रहा है क्योंकि वह अपने 140 करोड़ नागरिकों की ताकत में विश्वास करता है जो अब 'विकसित भारत' के अपने संकल्प को वास्तविकता में बदलने का सपना देख रहे हैं।

## मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया

# भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है ऊर्जा : प्रधानमंत्री

भाषा ▶▶ मॉस्को

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ रोसेटम पवेलियन का दौरा किया और कहा कि ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा नई दिल्ली इस क्षेत्र में मॉस्को के साथ संबंध और मजबूत करने को लेकर आशान्वित है।

मोदी ने वीडीएनकेएच के रोसेटम मंडप में असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी, जिसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था। यह वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास में सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। मोदी ने यात्रा की अपनी तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''राष्ट्रपति पुतिन के साथ एटम पवेलियन का दौरा किया। ऊर्जा भारत और रूस के बीच सहयोग का महत्वपूर्ण स्तंभ है और हम इस क्षेत्र में संबंध और मजबूत करने के लिए आशान्वित हैं।'' विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, ''प्रधानमंत्री मोदी को 'एटमिक सिम्फनी' भी दिखाई गई - जो वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कार्यशील मॉडल है। यह भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (केकेएनपीपी) का 'हृदय' है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पवेलियन में प्रधानमंत्री ने भारतीय और रूसी छात्रों के एक समूह से भी बातचीत की। उन्होंने उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिसका उपयोग भविष्य की पीढ़ियों और धरती के लाभ के लिए किया जा सकता है। मोदी ने 'टांब ऑफ द अननोन सोल्जर' में श्रद्धांजलि दी।

### रूस, भारत के सुख-दुख का साथी, पुतिन के नेतृत्व को सराहा





- यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की शुरुआत के बाद से मोदी की यह पहली रूस यात्रा
- भारत-रूस सहयोग को समर्पित फोटो प्रदर्शनी देखी
- इसका उद्घाटन नवंबर 2023 में किया गया था
- भारतीय-रूसी छात्रों से भी मिले

### हर चुनौती को चुनौती देने में सबसे आगे रहेगा भारतः मोदी

मोदी ने रूस को भारत का 'सुख-दुख का साथी' और 'सबसे भरोसेमंद दोस्त' बताते हुए पिछले दो दशकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने में पुतिन के नेतृत्व की प्रशंसा की। यूक्रेन युद्ध को लेकर रूसी नेता को अलग-थलग करने के पश्चिमी देशों के प्रयासों के बीच यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मोदी ने पुतिन की यह प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने वैश्विक गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हर चुनौती को चुनौती देने में सबसे आगे रहेगा और चुनौती देना तो उनके 'डीएनए' में है। मोदी ने कहा कि दशकों से भारत और रूस के बीच जो अनोखा रिश्ता रहा है, मैं उसका कायल रहा हूं। रूस शब्द सुनते ही हर भारतीय के मन में पहला शब्द आता है... भारत के सुख-दुख का साथी। भारत का भरोसेमंद दोस्त। हमारे रूसी दोस्त इसे 'द्रुजवा' कहते हैं और हम हिन्दी में इसे 'दोस्ती' कहते हैं।''

### मोदी के रूस दौरे पर जेलेंस्की आगबबूला,शांति प्रयासों पर बताया प्रहार

कीव। नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस के दौरे पर पहुंचे हैं। नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा और उनकी व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की को पसंद नहीं आई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री की मॉस्को यात्रा की आलोचना करते हुए इसे निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए एक बड़ा झटका बताया है। उन्होंने कहा कि उसी दिन मोदी ने पुतिन से मुलाकात की जब एक रूसी मिसाइल कीव में बच्चों के अस्पताल को निशाना बना रही थीं। मोदी ने नोवो-ओगारियोवो में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से उनके आवास पर मुलाकात की। इसी का जिक्र करते हुए जेलेंस्की ने मोदी को निशाने पर लिया और पुतिन को खूनी बताया।

### मॉस्को से ऑस्ट्रिया पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

## आज द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने पर करेंगे वार्ता





**वियना (एजेंसी)।** मोदी ने रूस में दो दिन के दौरे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय यात्रा पर ऑस्ट्रिया पहुंच गए हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने तथा कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर करीबी सहयोग के रास्ते तलाशेंगे। पीएम मोदी का वियना का यह दौरा बेहद खास है। दरअसल, 41 साल से अधिक समय में मध्य यूरोपीय राष्ट्र ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले नरेंद्र मोदी ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी ने आसट्रिया, वियना का दौरा किया था। इस यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विदेश मंत्री जयशंकर भी गए हैं।

### राष्ट्रपति अलेक्जेंडर से करेंगे मुलाकात

वियना दौरे पर पीएम मोदी बुधवार को ऑस्ट्रिया गणराज्य के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से मुलाकात करेंगे। साथ ही वह ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ भी बातचीत करेंगे। पीएम मोदी और चांसलर नेहमर भारत-ऑस्ट्रिया के शीर्ष उद्यमियों की बैठक को भी संबोधित करेंगे। मोदी वियना में भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगे।

### 'पीएम मोदी के स्वागत के लिए उत्सुक'

ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर ने एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा था 'मैं अगले सप्ताह वियना में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हूं। यह यात्रा विशेष सम्मान है, क्योंकि 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय पीएम की पहली ऑस्ट्रिया यात्रा है और भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।' हमारे पास द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर सहयोग के बारे में बात करने का अवसर होगा।

### भारत एक रणनीतिक साझेदार : अमेरिका

**वाशिंगटन (भाषा)।** मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की द्विपक्षीय बैठक के बीच अमेरिका ने सोमवार को कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ वह पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, "भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। और इसमें रूस के साथ भारत के संबंधों के बारे में हमारी चिंताएं भी शामिल हैं।" मिलर, पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए मोदी की मॉस्को यात्रा से जुड़े सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, "हमने अभी मोदी को (हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर) ओरबान की तरह (यूक्रेन के) राष्ट्रपति (वोलोदिमिर) जेलेंस्की से मिलते देखा। हमने सोचा कि यह एक



महत्वपूर्ण कदम है। और हम भारत से यह स्पष्ट करने के लिए आग्रह करेंगे, जैसा कि हम किसी भी देश से करते हैं जब वह रूस के साथ जुड़ता है, कि यूक्रेन में संघर्ष का कोई भी समाधान ऐसा होना चाहिए, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करता हो, जो यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता, यूक्रेन की संप्रभुता का सम्मान करता हो।" एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा, "मैं प्रधानमंत्री मोदी के बयान देखूंगा, यह जानने के लिए कि उन्होंने क्या बात की। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, हमने रूस के साथ संबंधों को लेकर भारत को अपनी चिंताओं से पहले ही स्पष्ट कर दिया है। इसलिए हम आशा करेंगे कि भारत और कोई भी अन्य देश, जब रूस के साथ जुड़ें, तो यह स्पष्ट करेंगे कि रूस को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करना चाहिए।

### बाल-बाल बचे 174 यात्री

## अमेरिका में टेक ऑफ के दौरान निकल गया विमान का पहिया

**लॉस एंजिल्स(एजेंसी)।** अमेरिका के लॉस एंजिल्स से कल उड़ान भरने वाले यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान का पहला पहिया निकल गया। हालांकि बाद में विमान को डेनवर में सुरक्षित रूप से उतारा गया, एयरलाइन ने इसकी जानकारी दी है।





यूनाइटेड कंपनी ने एक बयान में इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा, जमीन पर या फ्लाइट 1001 पर किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पहिया लॉस एंजिल्स में बरामद कर लिया गया है और हम जांच कर रहे हैं कि इस घटना का कारण क्या था।'

### 7 मार्च को ऐसा हादसा

बोइंग 757-200 में 174 यात्री और चालक दल के सात सदस्य सवार थे। वहीं इससे पहले 7 मार्च को भी एक इस तरह की घटना सामने आई थी। 7 मार्च को, यूनाइटेड बोइंग बी777-200 जेट का सैन फ्रांसिस्को से उड़ान भरने के बाद हवा में एक टायर टूट गया। फिर इसे एयरपोर्ट के कर्मचारी पार्किंग स्थल में एक कार पर उतरा गया। इस घटना में भी किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई थी। बता दें कि कंपनी की ओर से जल्द से जल्द दूसरे एयरक्राफ्ट की व्यवस्था की गई थी।

### मिस नहीं अब मिस्टर

## हैदराबाद की महिला आईआरएस अफसर ने कराया लिंग परिवर्तन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हैदराबाद में तैनात एक महिला अधिकारी लिंग परिवर्तन कराकर युवक बन गए हैं। इस अधिकारी ने अपना नाम भी बदल लिया है। अब इस अधिकारी का नाम एम अनुसूया से अनुकाथिर सूर्या हो गया है। इस फैसले की मंजूरी वित्त मंत्रालय की ओर से भी मिल गई है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस ) अधिकारी को नाम और लिंग बदलने की अपील को मंजूरी दे दी। यह भारतीय सिविल सेवा के इतिहास में पहली बार हुआ है। आदेश के अनुसार सुश्री एम अनुसूया,आईआरएस ने मंत्रालय से उनके नाम को अनुकाथिर सूर्या और लिंग को महिला से पुरुष में बदलने की स्वीकृति मांगी थी जिसे मंजूरी मिल गई है।

### वित्त मंत्रालय से मंजूरी

मंत्रालय के आदेश में कहा गया है कि अधिकारी के अनुरोध पर विचार किया गया और उसे मंजूरी दे दी गई है। आदेश में लिखा है, सुश्री एम अनुसूया के अनुरोध पर विचार किया गया। इसलिए अब से इस अधिकारी को सभी आधिकारिक दस्तावेजों में श्री एम अनुकाथिर सूर्या के रूप में मान्यता दी जाएगी। इस फैसले की कई वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशंसा भी की है। अधिकारियों का कहना है कि यह यह एक अभूतपूर्व आदेश है। हमें अधिकारी और हमारे मंत्रालय पर भी गर्व है।





### अमेरिका के कोर्नेल यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट में किया दावा

# घटिया ईंधन के संपर्क में आने से भारत में 1000 बच्चों में से 27 की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में भोजन पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाले घटिया ईंधन के संपर्क में आने के कारण हर हजार शिशुओं और बच्चों में से 27 की मौत हो जाती है। अमेरिका के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट में ये दावा किया गया है।

कोर्नेल विश्वविद्यालय में 'चार्ल्स एच. डायसन स्कूल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट' में प्रोफेसर अर्नब बसु समेत अन्य लेखकों ने 'भोजन पकाने के ईंधन के विकल्प और भारत में बाल मृत्यु दर' शीर्षक वाली रिपोर्ट में 1992 से 2016 तक बड़े पैमाने पर घरों के सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया है।

### हर साल 32 लाख लोगों की मौत खराब ईंधन से



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, दुनिया की करीब एक तिहाई आबादी चूल्हे या स्टोव पर खाना पकाती हैं जिसमें ईंधन के तौर पर लकड़ी, उपले या फसलों के अपशिष्ट का इस्तेमाल किया जाता है जिससे दुनियाभर में हर साल 32 लाख लोगों की मौत होती है। बसु ने कहा कि सरकारें पराली जलाने के खिलाफ कानून बना सकती हैं और किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते अग्रिम भुगतान कर सकती हैं। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि घर के अंदर के प्रदूषण पर भी ध्यान देना उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें अन्य कारकों के अलावा क्षेत्रीय कृषि भूमि स्वामित्व और वन क्षेत्र, घरेलू विशेषताएं और पारिवारिक संरचना भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### लड़कों की बजाय लड़कियों की मौत ज्यादा

बासु ने दावा किया कि भारतीय घरों में इसके कारण लड़कों के बजाय लड़कियों की मौत ज्यादा होती थी। उन्होंने कहा कि इसकी वजह यह नहीं है कि लड़कियां अधिक नाजुक या प्रदूषण से जुड़ी श्वसन संबंध बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं बल्कि इसकी वजह यह है कि भारत में बेटों को ज्यादा तरजीह दी जाती है और जब कोई बेटी बीमार पड़ती है या उसे खांसी शुरू होती है तो परिवार उसका इलाज कराने पर समुचित ध्यान नहीं देते हैं। बसु ने यूनिवर्सिटी की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'स्वच्छ ईंधन का इस्तेमाल करने से न केवल बच्चों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर पड़ेगा बल्कि बेटियों की उपेक्षा भी कम होगी।'

### इंसान की सेहत पर असर पड़ता

आंकड़ों का इस्तेमाल ये पता लगाने के लिए किया गया कि प्रदूषण फैलाने वाले इन ईंधन का मनुष्य की सेहत पर क्या असर पड़ता है। इसमें पाया गया कि इसका सबसे ज्यादा असर एक महीने की उम्र तक के शिशुओं पर पड़ा है। बसु ने कहा कि यह ऐसा आयु वर्ग है जिसके फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं होते हैं और शिशु सबसे ज्यादा अपनी मां की गोद में रहते हैं जो अक्सर घर में खाना पकाने वाली मुख्य सदस्य होती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25